वर्ष 24, अंक 295, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 2 मई 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अमेरिका भारत के साथ एकजुटता से खड़ा है...

### अमेरिकी रक्षा सचिव ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की बात



**नई दिल्ली**
अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की और जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की दुखद क्षति के लिए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। सचिव हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एकजुटता में खड़ा है और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अमेरिकी सरकार के मजबूत समर्थन को दोहराया।

बातचीत के दौरान, रक्षा मंत्री ने अमेरिकी रक्षा सचिव को बताया कि पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्त पोषण करने का इतिहास रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक समुदाय के लिए आतंकवाद के ऐसे जघन्य कृत्यों की स्पष्ट और स्पष्ट रूप से निंदा करना और उन्हें उजागर करना महत्वपूर्ण है। इससे पहले अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से फोन पर अलग-अलग बातचीत की और दोनों देशों से किसी भी तनाव से बचने का आग्रह किया। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर के साथ बुधवार रात को फोन पर हुई अपनी बातचीत में रुबियो ने पहलगाम में भयावह आतंकवादी हमले में लोगों के मारे जाने पर दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ सहयोग को लेकर अमेरिका की प्रतिबद्धता जताई।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने शरीफ से इस हमले की जांच में इस्लामाबाद के सहयोग का आह्वान किया। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। बातचीत के दौरान जयशंकर ने रुबियो से कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों, उनका साथ देने वालों और इसकी साजिश रचने वालों को निश्चित रूप से न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, कल अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की।

इसके दोषियों, उनका सहयोग करने वालों और साजिश रचने वालों को न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए।

## लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई | चुन-चुन कर लिया जाएगा बदला...

### पहलगाम के दहशतगर्दों को अमित शाह का कड़ा संदेश



**नई दिल्ली**
पहलगाम के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में शाह ने कहा कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। आतंकवादियों को यह नहीं सोचना चाहिए कि हमारे 27 लोगों को मारने के बाद उन्होंने युद्ध जीत लिया है। उन्होंने एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि पहलगाम में नागरिकों की हत्या करने वाले हर एक आतंकवादी की तलाश की जाएगी और उसे दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेगी और पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देगी। शाह ने कहा कि मैं आज जनता से कहना चाहता हूं कि 90 के दशक से कश्मीर में आतंकवाद चलाने वालों के खिलाफ हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती से लड़ रहे हैं। आज वो (आतंकवादी) ये न सोचें कि हमारे नागरिकों की जान लेकर उन्होंने जंग जीत ली है। मैं आतंक फैलाने वालों से कहना चाहता हूं कि ये जंग खत्म नहीं हुई है, हर एक को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने हर चीज का कड़ा जवाब दिया है, चाहे वो नॉर्थ ईस्ट हो, वामपंथी उग्रवाद के इलाके हों या कश्मीर में आतंकवाद का साया हो।

अमित शाह ने हुंकार भरते हुए कहा कि अगर कोई सोचता है कि कायराना हमला करके उसने अपनी बड़ी जीत हासिल कर ली है, तो समझ लीजिए ये नरेंद्र मोदी सरकार है, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस देश के हर एक इंच से आतंकवाद को उखाड़ फेंकना हमारा संकल्प है। बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की विरासत को सम्मानित करने के लिए सड़क और प्रतिमा के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे कैलाश कॉलोनी में बोडोफा के सम्मान में प्रतिमा का अनावरण और सड़क का उद्घाटन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय के लिए बल्कि उन सभी छोटी जनजातियों के लिए भी महत्वपूर्ण है ।
जिन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और विकास के लिए संघर्ष किया। बोडोफा की प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय बल्कि ऐसी सभी छोटी जनजातियों का सम्मान बढ़ाती है।

## ये नहीं सोचा भारत के मुसलमानों पर क्या असर पड़ेगा- फारूक अब्दुल्ला

**पहलगाम**
नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को पाकिस्तान को एक असफल राज्य करार दिया और कहा कि पाकिस्तान पर अगर उसकी सेना का नियंत्रण है तो वह भारत के साथ कोई दोस्ती नहीं होगी। अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के लोग भारत के साथ दोस्ती चाहते हैं, लेकिन देश की सेना ऐसा नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण सबसे ज्यादा कश्मीरी लोग पीड़ित हैं। एनसी प्रमुख की टिप्पणी पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच बिगड़ते संबंधों के मद्देनजर आई है, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई थी, जिनमें से 25 भारतीय थे।
पहलगाम हमले पर बोलते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है।

## पीएम ने किया वेव्स समिट का उद्घाटन

### 'ये एक वेव है- संस्कृति की, रचनात्मकता की'



**मुंबई। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निमार्ता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक ईको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है।
पीएम मोदी ने आगे कहा- "वर्ल्ड ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट समिट यानी वेव्स.. ये सिर्फ एक ऐक्रोनिम नहीं है। ये एक वेव है- संस्कृति की, रचनात्मकता की। वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर निमार्ता का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नई योजना के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज 1 मई है। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निमार्ता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।"
उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा- "आज वेव्स में इस मंच पर हमने भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है। बीते वर्षों में मैं कभी गेमिंग वर्ल्ड, कभी म्यूजिक की दुनिया के लोगों से, फिल्म मेकर्स से मिला, कभी स्क्रीन पर चमकने वाले चेहरों से मिला। इन चचाओं में अक्सर भारत की रचनात्मकता, सृजनात्मक क्षमता और वैश्विक सहयोग की बातें उठती थीं।
लाल किले से मैंने 'सबका प्रयास' की बात कही है। आज मेरा ये विश्वास और पक्का हो गया है कि आप सभी का प्रयास आने वाले वर्षों में वेव्स को नई ऊंचाई देगा।"
वेव्स समिट 2025 में, पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों: गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किया।

## अगले 20 दिनों में युद्ध स्तर पर चलेगा सफाई अभियान

### अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई- रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली**
दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को स्कूलों, धार्मिक स्थलों, बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया और कहा कि शहर में अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में 20 दिवसीय सघन सफाई अभियान शुरू करने की घोषणा की और कहा कि शुक्रवार से शुरू होने वाले अभियान के तहत सड़कों, सार्वजनिक स्थलों की दिन में दो बार सफाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य बड़े पैमाने पर कचरा अलग-अलग करना, अतिक्रमण हटाना और शुक्रवार से शुरू होने वाले अभियान के दौरान दैनिक निगरानी और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना है।
राज निवास में उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह घोषणा की गई, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट, डिप्टी कमिश्नर, डीसीपी और विभाग प्रमुख शामिल हुए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 20 दिनों में दिल्ली में हर स्तर पर व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा। आज हमने सभी अधिकारियों को बुलाकर निर्देश दिए कि दिल्ली के हर कोने, हर सड़क और हर जगह पर सफाई अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाए। हर अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है। डीसी और डीएम अपने जोन और इलाकों के लिए जिम्मेदार होंगे। अगर कहीं अतिक्रमण हुआ या सुरक्षा में कोई चूक हुई तो इसकी जिम्मेदारी डीसीपी की होगी। रेखा गुप्ता ने साफ तौर पर कहा कि सरकार अतिक्रमण और कूड़ा डंपिंग को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी। फुटपाथ, सड़क, पार्क और बाजारों से अवैध डंपिंग, अतिक्रमण, कूड़ा-कचरा और मलबा सख्ती से हटाया जाएगा। विभागों के बीच जो आरोप-प्रत्यारोप का खेल चलता था, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी शौचालय, नालियों और सीवर की सफाई को प्राथमिकता देंगे। सभी बाजारों, धार्मिक स्थलों, संस्थानों, मंदिरों, गुरुद्वारों, विवाह स्थलों और अन्य किसी भी स्थान पर सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को खत्म करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।
अब अगर व्यवस्था में कोई कमी है तो उसकी जिम्मेदारी उस वरिष्ठ अधिकारी की है जो अपने पूरे क्षेत्र के लिए जिम्मेदार है।

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी से की अपील, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मिले शहीद का दर्जा



**नई दिल्ली**
**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा देने का आग्रह किया। एक्स पर एक पोस्ट में, कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की और मृतकों को शहीद के रूप में आधिकारिक मान्यता देने की उनकी मांग का समर्थन किया। गांधी ने एक्स पर लिखा कि मैं पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख और उन्हें शहीद का दर्जा दिए जाने की उनकी मांग के साथ खड़ा हूं। प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि इस त्रासदी में जान गंवाने वालों के परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें यह सम्मान दें।
इससे पहले बुधवार को रायबरेली से कांग्रेस सांसद ने कानपुर में पहलगाम हमले के पीड़ित के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और कहा कि वे मृतक के लिए शहीद का दर्जा चाहते हैं।
कांग्रेस नेता ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, "मैंने कानपुर में एक पीड़ित के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मुझसे नरेंद्र मोदी को संदेश भेजने के लिए कहा। उन सभी परिवारों की ओर से मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं - 'प्रधानमंत्री जी, उन्होंने कहा है कि हमारे बच्चे शहीद हुए हैं।

## रामदेव किसी के वश में नहीं हैं, वह अपनी ही दुनिया में रहते हैं- हाईकोर्ट



**नई दिल्ली**
**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने गुरुवार को योग गुरु बाबा रामदेव को हमदर्द के 'रूह अफजा' को निशाना बनाते हुए कथित तौर पर एक और वीडियो जारी करने के लिए फटकार लगाई।
इससे पहले दिए गए निर्देशों के बावजूद, उन्होंने कथित तौर पर हमदर्द के उत्पादों को लेकर विवादास्पद "शरबत जिहाद" टिप्पणी की थी। इससे पहले अदालत ने उन्हें हमदर्द के उत्पादों को लेकर भविष्य में कोई बयान जारी नहीं करने या वीडियो साझा नहीं करने का आदेश दिया था। योग गुरु की आलोचना करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि रामदेव का किसी पर नियंत्रण नहीं है और वह अपनी ही दुनिया में रहते हैं, तथा उन्हें प्रथम दृष्टया अपने पिछले आदेश की अवमानना मानते हुए पाया।
न्यायमूर्ति अमित बंसल को बृहस्पतिवार को सूचित किया गया कि अदालत के 22 अप्रैल के निर्देशों के बावजूद रामदेव ने आपत्तिजनक बयान देते हुए एक वीडियो प्रसारित किया है। इसके बाद उन्होंने कहा, पिछले आदेश के मद्देनजर, उनका हलफनामा और यह वीडियो प्रथम दृष्टया अवमानना के अंतर्गत आता है।

## टेंशन के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री ने जयशंकर और शहबाज शरीफ को मिलाया फोन



**नई दिल्ली**
**संयुक्त** राज्य अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत और पाकिस्तान से अलग-अलग बात की। आतंकवाद विरोधी प्रयासों पर नई दिल्ली के साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित किया है। इसने इस्लामाबाद से जम्मू-कश्मीर के हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई। रुबियो ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की। जयशंकर के साथ अपनी बातचीत के दौरान उन्होंने जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की और बैसरन घाटी में हुए भीषण आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया, जिसमें ज्यादातर पर्यटक शामिल थे। अमेरिकी विदेश मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग के लिए "अमेरिका की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की।" विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया।

## क्यों पड़ी जाति जनगणना कराने की जरूरत? शिवराज सिंह चौहान ने आसान शब्दों में समझाया



**मध्य प्रदेश**
**केंद्र** सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला लिया है। इसको लेकर श्रेय लेने की होड़ मच गई है। केंद्र के फैसले पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आज समाज कल्याण की नीतियां बनाने के लिए सटीक आंकड़े जरूरी हो गए हैं। जाति जनगणना जन कल्याण का आधार और सामाजिक न्याय की नींव बनेगी। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी सिर्फ श्रेय लेने के लिए हंगामा कर रहे हैं। जब उनकी (कांग्रेस) सरकार थी, तब उन्होंने जाति जनगणना क्यों नहीं कराई?...वे तो जाति आधारित आरक्षण के भी खिलाफ थे।
भाजपा नेता ने आगे कहा कि कांग्रेस कभी जन कल्याण के लिए काम नहीं करती। बल्कि सिर्फ वोट बटोरने के लिए काम करती है। झूठ और फरेब फैलाना उनके डीएनए में है। वहीं, इससे पहले शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल जी, कांग्रेस ने हमेशा जातिगत जनगणना का विरोध किया। देश में वर्षों तक कांग्रेस की सरकार रही, फिर जातिगत जनगणना क्यों नहीं हुई?

## बिहार चुनाव को लेकर ओवैसी का बड़ा दावा, सक्रिय रूप से लड़ेंगे, पहले से ज्यादा सीटें जीतेंगे



**बिहार**
बिहार चुनाव को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन औवेसी ने बड़ा दावा किया है। ओवैसी ने कहा कि सक्रिय रूप से लड़ेंगे, पहले से ज्यादा सीटें जीतेंगे। ओवैसी ने कहा कि हम बिहार चुनाव लड़ेंगे। हमने बहादुरगंज से अपना उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है। 3 मई को बहादुरगंज में मेरी जनसभा है और 4 तारीख को दूसरी जगह पर। हम अच्छा लड़ेंगे और हमारे उम्मीदवार पिछली बार से भी ज्यादा सफल होंगे और सीमांचल की जनता हमारे विधायकों को चुराने वालों को सबक सिखाएगी। ओवैसी ने आगे कहा कि जाति जनगणना होनी चाहिए ताकि पता चल सके कि कौन सी जाति विकसित है और कौन सी जाति अविकसित है। देश में सकारात्मक कार्रवाई और न्याय के लिए यह बहुत जरूरी है, क्योंकि आपने ओबीसी का आरक्षण सिर्फ. 27% पर रोक दिया है, यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा से जानना चाहेंगे कि आप इसे कब शुरू करेंगे और कब तक पूरा करेंगे। इसकी रिपोर्ट 2029 के संसदीय चुनाव से पहले आएगी या नहीं? ओवैसी ने कहा कि केरल में आरएसएस की बैठक हुई थी,
उस बैठक में भी उन्होंने जाति जनगणना कराने की बात कही थी। हम जानना चाहते हैं कि सरकार जनगणना कब शुरू करेगी और कब पूरी होगी और इसका डेटा देश के सामने कब पेश किया जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनगणना में जातिगत गणना को भी शामिल करने के केंद्र के फैसले का बुधवार को स्वागत करते हुए कहा कि इस निर्णय से देश में विकास को और गति मिलेगी।
राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र के फैसले को समाजवादियों और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की जीत बताया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीबों के लिए वरदान : राजमणि कोल

## कोरांव ब्लॉक के 100 शेष मेजा, उरुवा, मांडा, करछना, जसरा, बारा, शंकरगढ़ के कुल 78 जोड़े सहित 178 का हुआ विवाह



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण


वैवाहिक बंधन में बंधे जोड़े

**अखंड भारत संदेश**

● श्रमिक दिवस पर भी दी गई शुभ कामनाएं

**कोरांव।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार कोरांव में मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इंद्रप्रस्थ गोर्डन में बृहस्पतिवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक कोरांव राजमणि कोल ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुरूआत किया। मुख्य अतिथि विधायक ने वर वधुओं का स्वागत कर आशीर्वाद दिया, उन्हें उपहार समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध वितरित किया। उनके सुखमय जीवन की कामना ईश्वर से की। विधायक ने समारोह ने कहा कि जब से हमारे डबल ईजन की सरकार बनी है तब से यह विवाह योजना साकार होती दिख रही है। अगले बार से इस कार्यक्रम में सहायता राशि लाख रुपए तक मिलेगी। उन्होंने समारोह में अपने भाजपा सरकार की कई कल्याण कारी योजनाओं की सराहना किया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल, बीडीओ कोरांव मनोज कुमार सिंह, अमित मिश्रा बीडीओ मेजा, सहायक प्रबंधक जिला उद्योग प्रयागराज सपना सोनकर, एडीओपी विवेक कुमार मिश्र, एडीओ आई एस बी रामेश्वर सिंह, एडीओ समाज कल्याण मोहम्मद आरिफ आदि समस्त ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। विवाह आचार्य नाज पांडेय, और शुभम तिवारी धर्म प्रचारक, शुभम मिश्रा, मौलाना सिराजुद्दीन, राजेश पटेल जिला पंचायत सदस्य, संतरा देवी, ज्ञान सिंह प्रधान, शिवा कांत पांडे बाबा, प्रधान अल्हवा एवं हिंद मजदूर सभा उत्तर प्रदेश के मंत्री शहजादे सहित तमाम सामाजिक कार्यकर्ता कार्यक्रम सहयोगी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बबलू सिंह बहियारी कवि ने किया।

## न्यूज झरोखा

### कौंधियारा में उपचुनाव आज, तैयारियां पूरी

**कौंधियारा।** कौंधियारा में प्रधान पद के उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, बिजली, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। पोलिंग पार्टियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था का भी जायजा लिया। मतदान शुक्रवार को होगा। इसमें 2326 मतदाता एकौनी में, 2407 मतदाता बड़गोहना कला व 775 मतदाता बकरावा में प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान के लिए 4 केंद्रों पर 8 बूथ बनाए गए हैं। इनमें सभी अति संवेदनशील हैं। मतगणना 5 मई को होगी। शुक्रवार को होने वाले ग्राम पंचायत चुनाव की तैयारी पूरी हो गई है। कौंधियारा ब्लाक में बड़गोहना कला, एकौनी, बकरावा गांव में उप चुनाव होना है। जिसमें एकौनी में महिला सीट व बड़गोहना कला व बकरावा में पुरुष प्रत्याशी उप चुनाव के लिए जोरआजमाइश में लगे हैं। एआरओ अशोक कुमार सिंह ने बताया की कौंधियारा में कुल 8 बूथ बनाए गए हैं। जिसमें प्राथमिक पाठशाला एकौनी, पंचायत भवन बड़गोहना कला, प्राथमिक पाठशाला बड़गोहना कला, प्राथमिक पाठशाला को मतदान केंद्र बनाया गया है। जिसमें एकौनी में तीन मतदाता स्थल, बड़गोहना कला में चार व बकरावा में एक मतदान स्थल बनाया गया है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा की पासबुक एंट्री मशीन एक माह से खराब



**कौंधियारा।** क्षेत्र के जारी बाजार की बैंक ऑफ बड़ौदा के खाताधारकों को पासबुक एंट्री कराने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई माह से बैंक में लगी पासबुक एंट्री करने वाली मशीन खराब पड़ी हुई है। इस तरफ बैंक प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। गौरतलब है कि क्षेत्र के सर्वाधिक ग्रामीण, कर्मचारियों व पेंशनरों के खाते बैंक ऑफ बड़ौदा की जारी शाखा में ही हैं। बावजूद इसके खाताधारकों को बैंक प्रशासन सुविधाएं देने में फिसडडी नजर आता है। बैंक में जहां विकलांगों को और वृद्धजनों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है तो वहीं पासबुक एंट्री करने वाली मशीन को खराब हुए करीब एक माह का समय होने वाला है परंतु उसे ठीक नहीं कराया जा रहा। प्रतिमाह पासबुक एंट्री कराने वाले खाताधारक इधर-उधर भटकते रहते हैं। खासकर वृद्ध पेंशनरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं देते हैं। खाताधारकों ने जल्द से जल्द मशीन ठीक कराने की मांग की है। मांग करने वालों में कृपा शंकर, शिवराम, अंकित शुक्ला, रामरती, राम निरंजन, कमलेंदु, अनिल कुमार, रघुराई समेत अन्य हैं।

### दुराचार का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर निवासनीय एक युवती 20 अप्रैल को घर पर थी।उसकी माता शादी समारोह में गयी थी। आरोप है कि गांव का एक युवक घर में घुस कर युवती से दुराचार कर रहा था।बताते हैं कि तभी युवती की माता आ गयी।शोर मचाने पर युवक धमकी देते हुए फरार हो गया। आरोप है कि पीड़िता को लेकर उसकी माता रोज थाने आती रही आखिरकार पुलिस ने 28 अप्रैल को मोहम्मद कैफ उर्फ सोनू पुत्र मोहम्मद इदरीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। गुरुवार को सब इंस्पेक्टर गिरीशचंद्र मौर्या, उदय प्रताप प्रजापति, हेड कांस्टेबल सुब्बा राजभर ने मोहम्मद कैफ उर्फ सोनू को तेजपुर पंचायत भवन के पास से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

### नहर पर पुलिया निर्माण की मांग को विभाग ने जायज बताया, लेकिन बजट के अभाव निर्माण असंभव बताया

**पसना।** कोरांव व मेजा तहसील के किसानों की सिंचाई सुविधा हेतु निमार्णाधीन बेलवानियां माईनर पर सिरियारी गांव के किसानों की मांग को देखते हुए बेलन नहर प्रखंड के अभियंताओं ने स्थल का मौके पर निरीक्षण किया। गौरतलब है कि ग्रामीणों की इस मांग को अखंड भारत संदेश ने अपने 11अप्रैल के अंक में समाचार प्रकाशित किया था, इसी संबंध में अशोक कुमार मिश्र अधिवक्ता ने भीआई जी आर यस के माध्यम से मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए शीघ्र पुलिया निर्माण की मांग की थी। खबर का संज्ञान लेकर समस्या का समाधान करने हेतु मौके पर बेलन नहर प्रखंड के जूनियर इंजीनियर जितेंद्र कुमार पाण्डेय व बी एल सिंह ने मुआयना करते हुए अपनी रिपोर्ट में दशार्या है कि पुलिया निर्माण हेतु विभाग से प्रस्ताव तैयार कराया जाएगा एवं धन आवंटन के बाद निर्माण कार्य संभव होगा।इस संबंध में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल से इस बाबत अधिकारियों से वार्ता कर पहल करने की मांग की है।

# मालगाड़ी के आगे कूदे प्रेमी युगल की हुई पहचान, अधूरी रह गई प्रेम कहानी

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ के जोरवट गांव के पास बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे मालगाड़ी के आगे कूदकर जान देने वाले प्रेमी युगल की पहचान हो गई है। पुलिस के अनुसार, युवक की पहचान कल्याणपुर गांव निवासी सौरभ यादव 17 वर्ष के रूप में हुई है, जो इंटरमीडिएट (11वीं) का छात्र था। वहीं युवती मध्यप्रदेश के ग्राम झलरी घटेहा निवासी कोमल थी, जो शंकरगढ़ में अपने मामा के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसने इस वर्ष हाई स्कूल की परीक्षा में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे।

शंकरगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश के मुताबिक, दोनों के बीच लंबे समय से बातचीत होती थी। घटना से एक रात पहले दोनों में देर रात करीब तीन बजे तक मोबाइल पर बात हुई थी। इसके कुछ घंटे बाद ही दोनों रेलवे ट्रैक पर पहुंचे और एक तेज रफ्तार मालगाड़ी के सामने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल आत्महत्या की असल वजह सामने नहीं आई है। पुलिस कॉल डिटेल्स व अन्य पहलुओं की जांच कर रही है ताकि इस कदम के पीछे की सच्चाई का पता लगाया जा सके। इस हृदयविदारक घटना के बाद इलाके में मातम छा गया है। दोनों के परिजन गहरे सदमे में हैं और स्थानीय लोग स्तब्ध हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ जो दोनों को जान गंवाने पर मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट और जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह कदम प्रेम संबंधों से जुड़ा था या कोई अन्य कारण इसके पीछे था।

## 84% मार्क्स, फिर भी मौत क्यों चुनी? शंकरगढ़ के प्रेमी युगल की कहानी में रहस्य बरकरार

**आलोक गुप्ता**

**शंकरगढ़।** प्रेम, उम्मीद और भविष्य की उड़ान, ये तीनों बातें एक 84% अंक लाने वाली छात्रा और 11वीं में पढ़ रहे युवक के जीवन से जुड़ी थीं। लेकिन बुधवार सुबह शंकरगढ़ के पास रेलवे ट्रैक पर जो दृश्य सामने आया, उसने इन तीनों को हमेशा के लिए रोक दिया। दो युवा जो कल तक किताबों में भविष्य तलाश रहे थे, आज पुलिस की केस डायरी में एक ह्लअज्ञात कारण से आत्महत्याह्व का कोड बनकर रह गए हैं।

कोमल एक होनहार छात्रा थी, जिसने हाल ही में हाई स्कूल में 84% अंक हासिल किए थे, और सौरभ 11वीं कक्षा का छात्र था। दोनों का साथ शायद उनके मन के करीब था, लेकिन समाज से दूर। रात भर बात करना और सुबह दुनिया से विदा ले लेना, क्या सही निर्णय था? यह सवाल आज सिर्फ उनके परिवारों से नहीं, हम सब से है? क्या हमने युवाओं को भावनात्मक रूप से इतना अकेला छोड़ दिया है कि वे जीवन जैसी अनमोल चीज को छोड़ने का विकल्प चुनते हैं? इस पूरे मामले की जांच जारी है, लेकिन इसका भावनात्मक और सामाजिक विश्लेषण कहीं गहराई में जाकर सोचने की मांग करता है। क्या यह सिर्फ प्रेम प्रसंग था या परीक्षा, परिवार, सामाजिक दबाव, या मानसिक असमंजस का मिला-जुला असर? आज स्कूलों में पढ़ाई के साथ-साथ जीवन कौशल और मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद जरूरी हो चला है। अगर एक होनहार छात्रा को यह लगता है कि आत्महत्या ही आखिरी रास्ता है, तो हमें यह सोचना होगा कि हमारी व्यवस्था, शिक्षा और सामाजिक ढांचे में कहां चूक हो रही है। इन दो युवाओं की कहानी सिर्फ एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि एक सामाजिक सच्चाई है, जिसे स्वीकार कर उस पर बात करना अब जरूरी हो गया है।

# सहमा कौंधियारा : हर तीसरे दिन हो रही है चोरी की वारदात

● कौंधियारा के सेमरी में तीन चोरी की घटनाएं

● एक माह के भीतर दर्जनों बार चोरी का मामला सामने आया है

**अखंड भारत संदेश**


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

**कौंधियारा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हो रही चोरी की घटनाओं से लोग सहमे हुए हैं। एक तरफ चोरों का हौसला बुलंद है। वहीं पुलिस किसी घटना का खुलासा करने में असमर्थ है। थाना क्षेत्रों में पिछले एक माह के दौरान दर्जन भर से अधिक चोरी की वारदातें हो चुकी है। एक भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है।

थाना क्षेत्र के इर्द गिर्द के गाँवो में दिनों दिन चोरों का आतंक चरम पर है। चोर लगातार इलाके में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जबकि पुलिस मुकदर्शक बनी हुई है। हालत यह है कि इलाके में बढ़ी चोरी की घटना से लोग दहशत के साए में जी रहे हैं। रात छोड़ दिन को भी चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। ताजा मामला जारी निवासी चंद्रप्रकाश अग्रहरि के यहाँ लगभग 25 लाख, प्यारे लाल के यहाँ लगभग 5 लाख, बीती रात कौधियारा थाना क्षेत्र के जारी चौकी अंतर्गत शांतिनगर मे अखिलेश गुप्ता के घर से 50 हजार नगदी सहित डेढ़ लाख के आभूषण चुरा ले भागे। बाबत पीड़ित अखिलेश गुप्ता द्वारा मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी गई है।वहीं घटना वाली रात प्रदीप गुप्ता पुत्र स्व रामनरेश सांहू के यहां से चोरों ने सेंध लगाकर घरेलू सामान पार कर दिया जबकि अमर बहादुर पुत्र स्व छोटे लाल के यहां सेंध लगाने के बाद चोरी करने में नाकाम रहें।

ग्रामीणों की माने तो अब तक एक माह के भीतर कौंधियारा थाना क्षेत्र में दर्जनों बार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है, लेकिन पुलिस एक भी मामले में खुलासा नहीं कर पायी है।

गौरतलव हो कि जारी बाजार के गल्ला मंडी में शनिवार की बीती रात चोरों ने घर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखो रुपए के आभूषण पार कर दिया था। जारी बाजार निवासी चंद्र प्रकाश अग्रहरी पुत्र रमाशंकर अग्रहरी शनिवार को परिवार सहित शादी समारोह में रायबरेली गए हुए थे। रविवार को सुबह 5 बजे जब वापस आए तो देखा घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। मामले को देखते हुए व्यापार मंडल ने एसीपी कौंधियारा से मिलकर पुलिसिया कार्यवाही के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। पुलिस को लगातार हो रहे चोरी की घटना से ग्रामीणों के द्वारा अवगत कराया जा रहा है। लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरकर किसी बड़े घटना होने का इंतेजार कर रही है। कारण यह है कि लगातार हो रहे चोरी की घटना के बाद भी पुलिस का नींद ना खुलना ग्रामीणों में आक्रोश पैदा कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस चोरों के आगे अब तक असहाय बनी है।

थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों के गैंग का खुलासा होगा।

# ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन करने वाला पूजनीय : पंकज पाण्डेय

सेवानिवृत्त कर्मचारी अमरनाथ यादव उर्फ काका को इफको कर्मचारी संघ ने उपहार भेंट कर की दीर्घायु की कामना

**अखंड भारत संदेश**



इफको के सेवानिवृत्त कर्मचारी अमरनाथ यादव उर्फ काका को उपहार भेंट करते कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महामंत्री व अन्य

**फूलपुर।** देश निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाला श्रमिक हमेशा से शोषण का शिकार रहा है। आज भी विभिन्न संस्थानों में मजदूरों का शोषण किया जाता है परन्तु समय के साथ शोषण करने का तरीका बदला है। ऐसे में मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सदैव एक कदम आगे की सोच रखनी चाहिए। यह बातें गुरुवार को मजदूर दिवस के अवसर पर इफको में आयोजित संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने कही?।

श्रमिकों की श्रमशक्ति को सर्वोच्च शक्ति बताते हुए उन्होंने कहा की जो व्यक्ति इमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा हो वो पूजनीय है। संघ के महामंत्री विजय यादव ने कहा मजदूर दिवस श्रमिकों के लिए गर्व का दिवस है। इस दौरान इफको संयंत्र की प्रयोगशाला में कार्यरत सेवानिवृत्त कर्मचारी अमरनाथ यादव उर्फ काका को संघ के पदाधिकारियों ने माला पहनाते हुए बुके व उपहार भेंट कर उनके दीघायु की कामना की। इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय यादव ने सेवानिवृत्त कर्मचारी अमरनाथ यादव उर्फ काका को अंगवस्त्र भेंटकर उनकी कार्यकुशलता व कर्त्तव्य परायणता की तारीफ करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही उन्होंने इफको कर्मचारियों के हितार्थ सदैव अग्रणी रहने पर इफको के प्रबंध निदेशक के साथ ही ईकाई प्रमुख के प्रति भी अपना आभार व्यक्त किया। वहीं इफको कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी ने भी सभी को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन अभय राज यादव ने किया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष धर्म सिंह पटेल, संगठन मंत्री सालिक राम पटेल,आरसी गौतम, अभिषेक पटेल,अंबुज शुक्ला, अशोक कुमार कुशवाहा, संतोष कुमार, शिवानी गुप्ता, राजीव कुमार सिंह सहित इफको कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी सदस्यों के साथ ही अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# तमंचे के बट से दलित युवक को मारा पीटा, एससी/एसटी में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** तिलक में शामिल होने गया यूवक को दबंगो ने जाति सूचक गालिया देते हुए तमंचों के बट से मारे पीटे जब वह घर मे घुस गया तो घर मे घुस कर दबंगों ने जम कर पिटाई की जिस से उसके चेहरे तथा हाथ पैर में चोटे आई है। युवक की तहरीर पर पुलिस ने एससीएसटी सहित अन्य धाराओं में दबंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम भदरपुर उर्फ दीनापुर निवासी मनीष कुमार सरोज पुत्र लालचन्द्र 27 अप्रैल को गांव में तिलोत्सव में गए गया था। मनीष का आरोप है कि गांव के दबंग प्रवृत्ति के कतिपय युवकों ने उसे जाति सूचक गालियां देते हुए तमंचा के बटों से चेहरे पर मार कर जख्मी कर दिया था। मनीष का आरोप है कि जब वह घर में घुस गया तो घर में घुस कर कहीं शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। मनीष कुमार सरोज ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के ही अखिलेश यादव उर्फ गोलू, सर्वेश कुमार यादव उर्फ लकी, सुभाष यादव, कुलदीप यादव तथा आधा दर्जन अज्ञातों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट तथा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### भीषण गर्मी को देखते हुए कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों के समय में बदलाव, अब सुबह 7:00 से 11:30 बजे तक चलेगी पढ़ाई, बच्चों में खुशी

**प्रयागराज।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए जिलाधिकारी प्रयागराज के निर्देश पर कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। अब जनपद के सभी बोर्डों (सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी) से संबद्ध विद्यालयों का संचालन सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक किया जाएगा। यह आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा सोमवार को जारी किया गया, जो अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। बच्चों, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ ने डीएम के इस निर्णय का स्वागत किया है। नैनी ज्ञान भारती इंटरमीडिएट कॉलेज चकदाऊद नगर के प्रबंधक रवि करण सिंह ने कहा कि डीएम महोदय ने अच्छा निर्णय लिया है, इस निर्णय से स्कूल के स्टॉफ और सभी को गर्मी से राहत मिलेगी।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 200 मरीजों की हुई जांच

● मरीजों को चश्मा एवं दवाएं नि:शुल्क प्रदान किया गया

● जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर उपस्थित लोग

**प्रयागराज।** जॉर्ज टाउन प्रयागराज जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट मुख्य ट्रस्टी सुनील कुमार तिवारी ने बताया की आई आईटीएम कॉलेज के परिसर में निशुल्क नेत्र परीक्षण का आयोजन किया गया था जिसमें अस्पताल के डॉक्टर टेक्नीशियन नर्स स्टाफ ने विभिन्न प्रकार के नेत्र रोगों का परीक्षण किया गया जिसमें नि:शुल्क चश्मा नि:शुल्क दवाइयां और नि:शुल्क परामर्श दिया गया ट्रस्ट के ट्रस्टी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि अस्पताल द्वारा गरीब बच्चों को बिजली विभाग के स्टाफ जस्ट टाउन थाने के कुछ इंप्लाइज और जॉर्ज टाउन क्षेत्र के बहुत सी सारी जनता ने अपने नेत्र रोग का उपचार कराया और मुफ्त में दवाई चश्मा लेकर अत्यधिक उत्साहित रहे ट्रस्टी ने बताया कि इस तरीके का आयोजन ट्रस्ट हमेशा करता रहेगा और करता रहा है जिससे क्षेत्र के गरीब निर्धन रोगी आवश्यकता अनुसार लोगों का जांच होता रहेगा ताकि हमारे क्षेत्र की जनता खुशहाल और अच्छे व्यतीत करती रहे आई आईटीएम कॉलेज जॉर्ज टाउन प्रयागराज के डायरेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया इस तरीके का आयोजन अगर परिसर में होता रहेगा तो हमारे कॉलेज के स्टूडेंट उसका लाभ उठाते रहेंगे ट्रस्ट के सहयोग से यह कार्यक्रम हम सहयोग करते रहेंगे अगला विजन ट्रस्ट की ओर से गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करना गरीब लड़कियों की शादी विवाह में सहयोग करना निर्धन व्यक्तियों को सहयोग करना स्वास्थ्य जांच करता है रहना गंभीर बीमारियों में अस्पतालों में उनका एडमिट करना आदि विभिन्न साफ सफाई का इसी तरीके से कैंप लगते रहेंगे के मुख्य ट्रस्टी सुनील कुमार तिवारी ने बताया की 25 और 26 में को ग्राम भिटरिया घोड़ेडीह तहसील करछना प्रयागराज में यह ट्रस्ट पुन ह कैंप लगाएगी इस अवसर पर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी सुनील कुमार तिवारी, डॉ नागेंद्र मणि त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, ऋषभ तिवारी, योगेश मिश्रा, विकास तिवारी, आयुष तिवारी, तुषार तिवारी, नैतिक तिवारी एवं डॉक्टर के पैनल नल में अभिनव अभिषेक विनोद मिश्रा केवल जीत आदि मौजूद रहे।

# मेजा ऊर्जा निगम में धूमधाम से मनाया गया श्रमिक अधिकार दिवस

## निगम के उत्कृष्ट सफलता में संगठन के श्रमिकों की भूमिका है बेहद अहम : अशेष चट्टोपाध्याय



कार्यक्रम में श्रमिकों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा उर्जा निगम में गुरुवार को बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में पूरे उत्साह के साथ श्रमिक दिवस 2025 मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया गया और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अशेष कुमार चट्टोपाध्याय मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजा उर्जा निगम के आगमन से हुई,जिसके बाद श्रमिकों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट किए गए। इस दौरान विवेक चंद्रा, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें उन्होंने श्रमिकों की भूमिका को संगठन की सफलता में बेहद अहम बताया। नवाब खान अंसारी, एजीएम (सतर्कता) ने इस दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद मनोज कुमार वर्मा, डीजीएम (मानव संसाधन) ने श्रमिकों के अधिकारों पर एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम के दौरान सेवा और निष्ठा के लिए श्रमिकों को स्मृति-चिह्न वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री चट्टोपाध्याय ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए और श्रमिकों की निष्ठा की सराहना किया साथ ही साथ उनके अधिकारों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के प्रति मेजा उर्जा निगम की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में एजीएम सतर्कता नवाब खान अंसारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारी यूनियन एवं संघ के प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्लांट कैंटीन के मुख्य अतिथि एनएन सिन्हा जीएम ओएंडएम ने सुरक्षा पर विचार साझा किए। साथ ही चंदर शेखर, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन) और अनिल बवेजा, महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमा प्रदान की। एमजीआर सीएचपी में आयोजित कार्यक्रम में

स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले श्रमिकों को वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यशालाओं में लगभग सात सौ श्रमिक शामिल हुए।

# वरिष्ठ साथियों के प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र हो : अनुज पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** गुरुवार को उप शिक्षा निदेशक कार्यालय पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना संगठन के मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । धरना सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुरेश कुमार त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने कहा राज्य परिषद की बैठक में यह अनुभव किया गया कि नोशनल वेतन वृद्धि तथा सेवानिवृत्तिक देयकों के भुगतान मे लापरवाही हो रही है । अतः पूरे प्रदेश में मंडल कार्यालयों पर आज धरना आयोजित किया गया जनपद प्रयागराज में तथा प्रयागराज मंडल में आज की तिथि में कुछ विशेष प्रकारणों को छोड़कर लगभग सभी प्रकरण निस्तारित हो चुके हैं। उन्होंने कहा आपकी एकता से ही सभी उपलब्धियों की प्राप्ति हो सकती है धरना सभा का संचालन मंडली मंत्री डॉ प्रभाकर द्विवेदी ने किया। उद्बोधन में जिलाध्यक्ष प्रयागराज अनुज पाण्डेय ने कहा वर्तमान पीढ़ी का यह दायित्व है कि अपने वरिष्ठ साथियों के प्रकरणों का निस्तारण कराया जाए इसी के साथ सेवा सुरक्षा, पुरानी पेंशन तथा निशुल्क चिकित्सा सुविधा जैसे मांगों के लिए संघर्ष करने को हम सभी तत्पर हैं उक्त अवसर पर आयोजित सभा को जिला अध्यक्ष कौशांबी चंद्रकांत शुक्ला, जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़ आलोक शुक्ला, जिला मंत्री प्रतापगढ़ अमित सिंह ,प्रयागराज के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश पांडे, जिला मंत्री जगदीश प्रसाद, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार त्रिपाठी, सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी रामचंद्र सिंह, प्रयागराज के उपाध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव, कौशलेश तिवारी, संयुक्त मंत्री डा चंद्रमणि शुक्ला, श्वेता दुबे आदि लोगों ने संबोधित किया धरने के बाद उप शिक्षा निदेशक के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित जीआईसी के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह को दो ज्ञापन सौंपे गए। जिसमें एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित तथा दूसरा ज्ञापन उप शिक्षा निदेशक प्रयागराज को संबोधित था उक्त अवसर पर सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी डॉक्टर वसीम अहमद, आय व्यय निरीक्षक उमाशंकर यादव, सदस्य राज्य परिषद संजीव तिवारी, राजेश शुक्ला उपाध्यक्ष एबहादुर रहमान राजेश यादव, सुधीर मिश्रा, प्रवीण गौतम, अरुण तिवारी, शिवदत्त मिश्र , विक्रम यादव, संतोष तिवारी सहित पूरे मंडल के लगभग 300 शिक्षक उपस्थित थे।

# मजदूरों के योगदानों का हो सम्मान : अजय राय

**अखंड भारत संदेश**



**झुंसी।** श्रमिक दिवस पर कांग्रेस पार्टी के गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का झुंसी में जोरदार स्वागत किया गया। अजय राय ने कामगार श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा राष्ट्र की उन्नति में मेहनतकश मजदूरों की भूमिका अहम होती है। उनके योगदान का सम्मान होना चाहिए। मेहनतकश समाज को दिलाने के लिए राहुल गांधी जाति जनगणना की लड़ाई छेड़ रखी थी। अंततः सरकार को झुकना पड़ा और जाति जनगणना के लिए घोषणा करना पड़ा। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद, मनीष मिश्रा, देवराज उपाध्याय,महेश त्रिपाठी, इश्तियाक अहमद, दिवाकर भारतीय, प्रभाकर मिश्रा, संजय शुक्ला, सलीम टाइगर, गीता भारतीय, फोटो देवी, नगीना देवी, रमेश चंद यादव, मोहम्मद अलीम हाशमी, संजय कुमार भारतीय, राम लखन यादव, गुलशेर खान, महेंद्र कुमार यादव, मुस्ताक अहमद, मो नईम, मो फारुक, मो खालिक, राकेश पासवान, महबूब राईन, नसीम आदि उपस्थित रहे।

## दावत से घर लौट रहे युवक की बेरहमी से पीटकर हत्या, धारदार हथियार से किया गया वार

**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोहरब गांव निवासी प्रतीक कुमार उर्फ मोनू (22) पुत्र भीम सरोज की पीटकर हत्या कर दी गई। उसके शरीर पर धारदार हथियार से कई वार भी किए गए। सुबह रक्तरंजित शव मिलने पर सनसनी फैल गई। घटना रात्रि करीब दो बजे की बताई जा रही है। उसका शव रेलवे फाटक आनापुर के पास पाया गया।प्रतीक कुमार उर्फ मोनू किसी बरात में गया था। रात में घर लौटते वक्त रास्ते में यह घटना हुई है। उसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। मौके पर नवाबगंज थाना प्रभारी नीरज कुमार कुशवाहा मय फोर्स के पहुंचे। घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का परिजनों को भरोसा दिया।

# भगवान परशुराम के जीवन से हमें धर्म न्याय और साहस की मिलती है प्रेरणा : नीरज त्रिपाठी

● मेजा के लेहड़ी गांव में धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती, लेहडी चौराहा से उरुवा चौराहा तक निकाली गई शोभा यात्रा क्षेत्र में बना चर्चा का विषय



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** पूर्व की भांति इस वर्ष भी लेहड़ी गांव के मुख्य चौराहा पर परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि पूर्व महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश नीरज त्रिपाठी, एवं विशिष्ट अतिथि क्रमशः पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुन्नन शुक्ला, व दोहथा मांडा के समाजसेवी पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी,सवर्ण आर्मी जिलाध्यक्ष टीपी पाण्डेय, प्रदेश महासचिव जूही त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द चौबे,बाबा ओझा रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नीरज त्रिपाठी ने कहा कि परशुराम जी ने धरती से सम्पूर्ण क्षत्रिय समाज का नहीं बल्कि सिर्फ एक वंश हैहय वश के दुराचारी राजा के वंश का 21 बार संहार किया था, इसे जानने और समझने की आवश्यकता है। इस दौरान कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति के रूप में गुरुदेव स्वामी समर्थ रामदास जी महराज की उपस्थिति रही। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को सिर्फ सनातनी होने का सन्देश देते हुये कहा कि आज सभी को एकजुट रहना है। रामदास महाराज जी ने आगे कहा कि देश को बाहर के दुश्मनों से अधिक अपने बीच में छुपे हुये लोगों से बड़ा खतरा है ऐसे में हमें पूरी तरह से सावधान रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को संपन्न कराने में अतुल तिवारी, सत्यम पाण्डेय, उमेश तिवारी, आशीष तिवारी विक्की, आशीष तिवारी धतूरा, सुनील तिवारी पिंटू, तथा अखिलेश तिवारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

हनुमान सेवा समिति परशुराम सेना के अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने इस भव्य धार्मिक आयोजन में आए हुए सभी अतिथियों एवं भगवान परशुराम के भक्तो का हृदय से आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के आयोजक श्री द्विवेदी द्वारा लगातार पिछले 5 सालों से क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है जिसके लिए स्थानीय समाजसेवियों ने उन्हें बधाई का पात्र बताया है। गौरतलब है कि कार्यक्रम के दौरान पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात लेहड़ी चौराहा से उरुवा चौराहा तक परशुराम जी की भव्य एवं अलौकिक झांकी की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल रहे। हनुमान सेवा समिति परशुराम सेना के अध्यक्ष श्री द्विवेदी का मानना है कि यह धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक, सभ्यता, धरोहर, और आध्यात्मिक मूल्यों को संजोने का प्रतीक है। भगवान परशुराम के जीवन से हमें धर्म, न्याय और साहस की प्रेरणा मिलती है।

## औद्योगिक क्षेत्र में फंदे पर लटकती हुई मिली विवाहिता

● किसी बात को लेकर पति से हुआ था विवाद, पति ने ही पुलिस को दी सूचना

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र के सढ़वा कला गांव में एक विवाहिता ने साड़ी के फंदे से पंखे पर लटककर देर रात को जान दे दी। सुबह जब पति ने देखा कि पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी हुई है तो पति सोनू साहू ने पुलिस को सूचना देकर घटना से अवगत कराया। सूचना पर पहुंची औद्योगिक थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी में भेज दिया। घटित घटना की जानकारी पुलिस ने महिला के परिजनों को दे दी है। सूचना मिलने पर मायका पक्ष से जुड़े लोग रोते बिलखते औद्योगिक थाने पहुंचे और थाने पर लिखित तहरीर देते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र के सढ़वा कला गांव में सोनू साहू किराए पर कमरा लेकर अपनी पत्नी आरती (25) के साथ रहता है। आरती का एक वर्ष का एक बेटा भी है। मूल रूप से आरती चित्रकूट की रहने वाली थी। सोनू साहू भी चित्रकूट जिला के निवासी हैं। लगभग तीन वर्ष पहले ही सोनू ने लव मैरिज शादी की थी और अपने पत्नी आरती के साथ औद्योगिक क्षेत्र के सढ़वा कला गांव में किराए के मकान में रहते हैं। इस संबंध में औद्योगिक थाना इंचार्ज का कहना है कि आरती के पिता के द्वारा दी गई तहरीर ले ली गई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि विवाहिता की मौत किन परिस्थितियों में हुई है।

# नैनी एडीए कॉलोनी में पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और सांसद ने की मुलाकात, हर मदद का दिया भरोसा

**अखंड भारत संदेश**



मुलाकात के बाद लोगों को आश्वासन देते हुए

**नैनी।** नैनी के एडीए कॉलोनी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और सांसद उज्जवल रमण सिंह ने मृतक दंपति अरुण श्रीवास्तव के घर पर पहुंचकर बेटे और बेटियों से मुलाकात की। उन्होंने पूरे घटना की जानकारी ली, साथ ही कहा की यह परिवार के दुखद समय है। जिस तरह से इस सरकार में अपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं यह बहुत ही निंदनीय है। मृतक दंपति के घर पहुंचने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आजय राय ने कहा यह सरकार पूरी तरह से फैल हो चुकी है। दिन के उजाले में इतनी बड़ी घटना को अंजाम देना अपराध को बढ़ावा देना है। इस सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। उन्होंने कहा कि पुलिस के इस खुलासे से परिवार के सदस्य संतुष्ट नहीं है। मात्र बीस हजार के लिए कोई इस तरह से कत्ल नहीं करता है। उन्होंने कहा कि मैं परिवार की तरफ से मांग करता हूं कि इस घटना की दोबारा जांच कराई जाए। अजय राय ने कहा कि जीरो टारलेंस की बात करने वाली यह सरकार अपराध खत्म नहीं कर पा रही है। सांसद उज्जवल रमण सिह ने कहा कि भाजपा सरकार आई सी यू में जा चुकी है। आने वाले चुनाव में जनता दिखा देखी और उखाड़ कर फेंक देगी। शोक सवेदना ब्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक विजय प्रकाश, नि वर्तमान उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, महानगर महासचिव राकेश श्रीवास्तव, महानगर उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा, अनूप त्रिपाठी, धर्मराज, सुरेश वर्मा, विवेक पांडे, राजेंद्र श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, हिमांशु , राजकुमार कुशवाहा, शंकर मिश्र सैकड़ो कांग्रेसी नेता शामिल थे।

इसके बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मंथन हॉस्पिटल पहुँचे जहाँ निर्देशक अनिल दुवेदी से मुलाकात कि और पार्टी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

# 41 वर्ष की सेवा के बाद पी0एस0 नगर आयुक्त हुए सेवानिवृत्त

● नगर आयुक्त सीलम साई तेजा तथा अन्य अधिकारियों ने कार्यो को सराहा



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त, नगर निगम प्रयागराज के पी0एस0 सूर्य शंकर त्रिपाठी अपनी 41 वर्ष की निष्ठापूर्ण सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गये। सम्पूर्ण कार्यकाल के दौरान नगर निगम प्रयागराज के अतिरिक्त कार्यालय गंगा परियोजना निदेशालय, पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार मे भी अपनी सेवा प्रदान की, साथ ही सन् 1996 तक अपर नगर आयुक्त कार्यालय तथा उसके उपरान्त नगर निगम के प्रसासक आर0एस0अग्रवाल, जे0एन0द्विवेदी, जे0के0मित्तल तथा वर्तमान नगर आयुक्त सीलम साई तेजा के साथ भी पी0एस0 के रूप नगर आयुक्त कार्यालय में सम्पूर्ण दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा एवं लगन के कार्य किया। सेवानिवृत्त सूर्य शंकर त्रिपाठी तथा कर विभाग लेखा लिपिक, रमेश चन्द्र द्वारा सेवानिवृत्तिक कार्यक्रम के दौरान नगर निगम प्रयागराज के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे, साथ श्री त्रिपाठी के कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यो को अपने-अपने शब्दों में सराहा गया। नगर आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं शॉल आदि देकर सम्मान किया गया तथा उपस्थित समस्त कर्मचारियों द्वारा माल्यापर्ण किया गया। इस दौरान नगर निगम प्रयागराज के अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव, अरविन्द राय, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0 द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता संजय कटियार, सहायक नगर आयुक्त सुश्री दीपशिखा, समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव महापौर मनोज श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# कार्यालय नगर पंचायत अझुवा-कौशाम्बी

## निविदा सूचना

नगर पंचायत अझुवा जनपद कौशाम्बी में समस्त पंजीकत/नवीनीकृत/अन्य फर्मा एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय कौशाम्बी के आदेश सं0-2173 (7) / एल०बी०सी०-कौशा० / 2025 दिनांक 11/04/2025, के क्रम में 15वाँ वित्त आयोग से तथा पत्र संख्या-2172 (1)/2172 (3) / एल०बी०सी०-कौशा० / 2025 दिनांक 11 अप्रैल, 2025 के द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृत प्रदान की गई है। प्राप्त / स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 22/05/2025 को दोपहर निर्दिष्ट अनुदान) से 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अझुवा कौशाम्बी में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य नगद / आर०टी०जी०एस०के माध्यम से नगर पंचायत अझुवा के नगर निधि के खाता सं0 35716626492 भारतीय स्टेट बैंक शाखा अझुवा कौशाम्बी में जमा कर रसीद और 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०/ नगद निविदा के साथ संलग्न कर उसी दिन दिनांक 22/05/2025 को दोपहर 12:00 तक कार्यालय में रखे शील बाक्स में डाला जाना अनिवार्य है। सभी निविदाओ को उसी दिन दिनांक 22/05/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष के समक्ष नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में खोली जायेगी। यदि निविदा खोलने के दिन कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अथवा राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा जारी एफ०डी०आर०/एन०एस०सी० जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अझुवा के पदनाम से अलग-अलग कार्यों हेतु बंधक ही मान्य होगी। 10 रुपए के स्टाम्प पर शपथ पत्र देना होगा कि आपके विरूद्ध कोई अभियोग या कही ब्लैक लिस्ट तो नही है। कार्य प्रारम्भ के पूर्व निर्धारित 100 रू0 के स्टाम्प पर नियमतः अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार/फर्म के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य / लायी गयी सामग्री के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति/दुर्घटना के लिए नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी जिम्मेदार नही होगी। इसके लिए समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार / फर्म की होगी। जी०एस०टी० नम्बर, हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र की स्वः प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार / फर्म द्वारा टेण्डर आगणन दर से कम पर डाला जाता है तो संयुक्त सचिव उ०प्र० शासन नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी 2022 के द्वारा जारी पत्र का अनुपालन करना अनिवार्य होगा जो बिलों रेट होने पर निष्पादन सुरक्षा (Performance Security) जमा करने से सम्बन्धित है। किसी भी कार्य का भुगतान सक्षम स्तर से सत्यापन के पश्चात ही किया जायेगा। निविदा डालने के पूर्व समस्त नियम / शर्तों को भली-भाँति कार्यालय से जानकारी कर लें, किसी भी त्रुटि के लिए निकाय जिम्मेदार नही होगी। समस्त अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र निविदा खुलने से एक दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा संबंधी पूर्ण एवं विस्तृत विवरण टेण्डर प्रपत्र एवं सभी शर्तों का प्रपत्र आदि की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत अझुवा के लेखा लिपिक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

### कराये जाने वाले निर्माण कार्यो का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत (FDR/NSC/नगद | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित (नगद /RTGS) | कार्य पूर्ण करने का समय | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वार्ड नं0 4 रसूलपुर मिश्रा गली में प्रमोद के घर के आगे तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य कार्य | 216664.00 | 21666.00 | 767.00 | 30 दिन | 15वाँ निर्दिष्ट अनु0 |
| | वार्ड नं0 1 भौंतर प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री का निर्माण कार्य | 170349.00 | 17035.00 | 659.00 | 30 दिन | 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क |
| | वार्ड नं0 2 टुन्नी के घर से सुभाष साहू के घर तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 322515.00 | 32252.00 | 885.00 | 30 दिन | 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशाम्बी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशाम्बी**

पत्रांक : 057(2)/ न०प०अ०/निविदा सूच०/2025-2026    दिनांक : 01/05/2025

# मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान कानूनी अधिकार की दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्लान ऑफ एक्शन के अंतर्गत जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार के कुशल निर्देशन में विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर रानीगंज नगर पंचायत कार्यालय सभागार में तहसीलदार रानीगंज अजय संतोषी के अध्यक्षता में कानूनी जागरूकता एवं श्रमिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस अवसर पर लोगो को संबोधित करते हुए तहसीलदार ने कहा कि मजदूरों की मेहनत ही विकास की बुनियाद है सरकारी एवं गैर सरकारी उद्योगों में बड़ी संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं सरकार द्वारा मजदूरों के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं संचालित हैं जागरूकता के अभाव में लोग योजनाओं से वंचित हो जाते हैं लोगो को उनके कानूनी अधिकार एवं उसका लाभ प्राप्त हो, शोषण के खिलाफ श्रमिको को न्याय मिल सके इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है, कोई भी व्यक्ति प्राधिकरण में निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है । पीएलवी महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बाल सेवा योजना, महिला उत्पीड़न, बाल श्रम, वैवाहिक विवाद समाधान विषय पर जानकारी दी। पीएलवी दिनेश कुमार मिश्र ने लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किए जाने वाले मामलो के बारे में विस्तार से बताया। पीएलवी सुरेंद्र कुमार सरोज ने रानीगंज तहसील में संचालित लीगल एड क्लीनिक के कार्यों और उद्देश्य को बताया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी अधिवक्ता अनिल कुमार पांडेय ने किया। अधिशाषी अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में तहसीलदार द्वारा हरिकेश मौर्य, राम किशोर, संतोष गुप्ता, सुभाष, शोभनाथ, मुकेश, सीमा, गीता, विद्या, मालती सहित एक दर्जन से अधिक महिला पुरुष श्रमिको का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत के सभासद सुपरवाइजर सफाई कर्मी सहित कई लोग मौजूद रहे।



मजदूर दिवस पर सम्मानित किये गये श्रमिक

## जाति गणना का शीघ्र समय तय करे सरकार : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जाति जनगणना को लेकर मोदी सरकार के देर आये फैसले को जनता के लम्बे संघर्ष की जीत बताया। कहा कि कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन ने काफी समय से लगातार सामाजिक संरचना की मजबूती के लिए जातिवार जनगणना के मुददे पर हर फोरम पर मजबूती से उठाया। उन्होनें कहा कि लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जाति जनगणना को लेकर आवाज राष्ट्रीय मुददा बन गयी। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि चैतरफा घिरी मोदी सरकार अपनी नीति और नियत में खोट को दुरूस्त कर इसे सिर्फ घोषणा तक सीमित न रखें। उन्होनें कहा कि सरकार बताये कि वह जल्द से जल्द कब तक जाति जनगणना की शुरूआत करते हुए इसे कानूनी मान्यता प्रदान कर सकेगी। कहा कि संसद में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर जातिगत जनगणना को लेकर जबाबदेही की लगातार घेराबंदी कर रखी थी। ऐसे मे बकौल राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी मंहगाई तथा बेरोजगारी व पहलगाम में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुददे पर घिरी मोदी सरकार का जाति गणना को लेकर जन आंदोलन के सामने मजबूरी में कदम है। उन्होनें सरकार से कहा कि वह महिला आरक्षण को लेकर की गयी घोषणा की तरह जातिगत जनगणना को भी महज घोषणा तक सीमित रखने से परहेज करें। उन्होनें स्पष्ट कहा कि सरकार को जल्द से जल्द जातिगत जनगणना की शुरूआत की तिथि का भी ऐलान करना चाहिए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का यह बयान गुरूवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### राजस्व निरीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई



**रानीगंज।** तहसील में कार्यरत राजस्व निरीक्षक सुरेश पाण्डेय सेवानिवृत्त हुए। इसी क्रम में गुरूवार को गांधीसभागर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी दीपक वर्मा ने कहा कि आज हमारे बीच के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक सुरेश पाण्डेय के सेवानिवृत्त होने पर यह विदाई समारोह आयोजित किया गया है। यह एक भावुक घड़ी है। उनका कार्यकाल सराहनीय रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी ने कहा पाण्डेय जी का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा।अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जटिल समस्याओं को भी समझा बुझाकर विधिक रूप से हल कर दिया।इस दौरान तहसीलदार अजय संतोषी, कोतवाली प्रभारी रानीगंज अर्जुन सिंह, यातायात प्रभारी आदित्य सिंह, इंस्पेक्टर राकेश राय एवं अधिवक्ता विनोद कुमार यादव, सभापति द्विवेदी, उमाकांत पाण्डेय, राजेंद्र प्रसाद यादव, देवेश प्रताप सिंह, सीताराम विश्वकर्मा, तहसील बार एसोशिएशन रानीगंज के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, विमल चंद्र तिवारी, अंकित पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं : पं प्रकाश चंद्र



**बेलखरनाथ धाम।** माता-पिता की सेवा से बढ़कर इस दुनिया में कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है, माता पिता की सेवा करना मंदिर के देवता के दर्शन के समान है,उक्त बातें पट्टी ब्लाक के परदहा सुमेर गांव में पं सुरेश चंद्र तिवारी के संयोजन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पं प्रकाश चंद्र पांडेय विद्यार्थी महाराज ने गुरुवार को कही। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से सिर्फ एक व्यक्ति का लाभ नहीं होता बल्कि उससे जुड़े सभी का लाभ एवं कल्याण होता है तथा लोगों के सारे पाप मिट जाते हैं।कथा व्यास ने भगवान के 22 रूपों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने सभी अवतारों में पापियों के नाश तथा प्राणियों की रक्षा करने का कार्य किया है।महाभारत युग की चर्चा करते हुए महाराज ने कहा कि कौरवों की सेना ने पांडवों के सभी पुत्रों का वध करने के बाद उत्तरा के गर्भ में पल रहे पांडवों के अंतिम वंश को मारने के लिए अश्वत्थामा ब्रम्हास्त्र का प्रयोग करता है,तब श्री कृष्ण ने उत्तरा के गर्भ पल रहे पांडवों के अंतिम वंश की रक्षा कर धर्म की रक्षा की थी। श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा के संकीर्तन के साथ कथा को विराम दिया गया।उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान रमेश चंद्र तिवारी,वीडीओ अरुणेश तिवारी,अमित कुमार,विनोद त्रिपाठी,इंद्रावती तिवारी, मनोज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

### कचरा फेंकने के विवाद में विधवा को पीटा, शिकायत

**पट्टी।** कचरा फेंकने के विवाद को लेकर विधवा को पड़ोसियों ने लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव निवासिनी सविता पाठक ने गुरूवार की सुबह पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपनी पुस्तैनी जमीन पर कचरा फेंक रही थी। इस दौरान पड़ोस के रहने वाले आधा दर्जन लोगों ने लाठी डंडा लेकर मां-बहन को गालियां देते हुए कचरा फेंकने से मना करने लगे और मारने पीटने लगे। पीड़िता ने भाग कर अपनी जान बचाई। मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### संस्कृत बोर्ड में चंदन ने बढ़ाया मान, प्रसन्नता

**लालगंज।** संस्कृत बोर्ड की परीक्षा में क्षेत्र के संत नगर रैठ पूरे नोती स्थित शिवगंगा राम उच्चतर माध्यमिक संस्कृत विद्यालय के पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष के मेधावी चंदन पटेल को जिले के टॉपर्स में चैथा स्थान मिला है। मेधावी की सफलता पर गुरूवार को विद्यालय में हर्ष का माहौल दिखा। प्रबन्धक स्वामी जीतेन्द्र तिवारी ने कहा कि मेधावी चंदन की सफलता से युवा पीढ़ी में संस्कृत शिक्षा के प्रति अभिरूचि में वृद्धि होगी। इस मौके पर प्रधानाचार्य लक्ष्मी तिवारी, शालिनी शुक्ला, कृष्णानंद शुक्ल, मोनू तिवारी, रवीन्द्र तिवारी आदि रहे।

## मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारने व फसल उत्पादन बढ़ाने हेतु ग्रीष्मकालीन जुताई अवश्य करें

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने कहा है कि ग्रीष्मकालीन जुताई एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो फसल के लिये मिट्टी को तैयार करने में मदद करती है। यह प्रक्रिया मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने, खरपतवार को नियंत्रण करने, कीटों और बीमारियों को नष्ट करने में मदद करती है। यह समय ग्रीष्मकालीन जुताई के लिये सबसे अच्छे समय रबी की फसल कटाई के बाद से लेकर जून तक होता है। उन्होने बताया है कि ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई लगभग 9-12 इंच गहरी जुताई करनी चाहिये, अधिकांश किसान एक निश्चित गहराई पर (6-7 इंच) जुताई करते है जिससे वर्षा के कुछ समय बाद जल का अतिरिक्त प्रवाह प्रारम्भ हो जाता है। गर्मी के समय खेत की जुताई खेत में ढाल की विपरीत दिशा में करें। फसल की कटाई के बाद खेत जुताई के लिये पर्याप्त नमी होनी चाहिये अर्थात फसल की कटाई के तुरन्त बाद जुताई करें इससे जुताई अच्छी तरह से होती है। ईंधन की खपत की कम होती है तथा उपकरण के आयु में भी बढ़ोत्तरी होती है। मिट्टी की कठोर उपरी परत को तोड़ने और गहरी जुताई के कारण मिट्टी की अंतः जल ग्रहण की क्षमता बढ़ जाती है जिससे इन सीटू नमी संरक्षण में वृद्धि होती है। उन्होने कृषकों से अपील किया है कि ग्रीष्मकालीन जुताई अवश्यक करें, ग्रीष्मकालीन जुताई से कृषि में कई लाभ होते है। यह मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारने और फसल उत्पादन बढ़ाने में मदद् करती है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने ग्रीष्मकालीन जुताई के लाभ के सम्बन्ध में बताया है कि गहरी जुताई से मिट्टी ढीली होती है जिससे हवा और पानी का संचार बेहतर होता है। मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है जो बारिश के पानी को सोखने में मदद करती है। गर्मी में जुताई करने से खरपतवार के बीज, जड़े और कंद नष्ट हो जाते है जिससे अगली फसल में खरपतवार की समस्या कम होती है। धूप में जुताई करने से मिट्टी में छिपे हानिकारक कीटों (जैसे दीमक, सफेद लट) के अंडे और लार्वा नष्ट हो जाते है। फफूंदी और बैक्टीरिया जनित रोगों का प्रकोप कम होता है। गर्मी में जुताई से फसल अवशेष खाद और कार्बनिक पदार्थ तेजी से विघटित होते है जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। ग्रीष्मकालीन जुताई से मिट्टी की ऊपरी सतह सूख जाती है जिससे वाष्पीकरण द्वारा नमी का कम नुकसान होता है। बारिश का पानी मिट्टी में अच्छी तरह समा जाता है। ग्रीष्मकालीन जुताई से खेत अगली फसल जैसे खरीफ के लिये अच्छी तरह तैयार हो जाता है। गहरी जुताई से मिट्टी में जल निकासी बेहतर होती है जिससे लवणीय एवं क्षारीय प्रभाव कम होते है। ग्रीष्मकालीन जुताई एक प्राकृतिक और प्रभावी तकनीक है जो मिट्टी को स्वस्थ बनाकर उत्पादकता बढ़ाती है। यह किसानों के लिये एक स्थायी और लाभदायक कृषि पद्धति है।

# आगजनी में दो घरों की गृहस्थी खाक, बछड़े की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चूल्हे की चिंगारी से घर में अचानक आग लग गयी। इससे दो घरों की गृहस्थी खाक हो गयी। वही गंभीर रूप से झुलसे एक बछड़ा की भी मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के रिसालपुर अलीपुर में राम आसरे सरोज के घर गुरूवार की सुबह खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गयी। इससे गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। वहीं आग की लपटें पडोसी फूलचन्द्र के घर भी पहुंच गयी। फूलचंद्र का भी घर का सामान जल गया। वही छप्पर में बंधा एक बछडा गंभीर रूप से झुलस गया। उसकी भी थोड़ी ही देर में मौत हो गयी। हालांकि परिजनों ने जान जोखिम में रखकर गाय को किसी तरह बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों ने घंटो मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया। आगजनी में दोनों दलित परिवारों को काफी नुकसान हुआ है।


आग में जलकर खाक हुई गृहस्थी

# कोटेदार के बेटे के हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**● विवाद में युवक पर हुआ था हमला, इलाज के दौरान हुई थी मौत**

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** क्रिकेट मैच खेलने के दौरान आरोपितों ने कोटेदार के बेटे की जमकर पिटाई कर दी। जिसमें इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।इस मामले में पुलिस ने गुरुवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसर थाना अंतर्गत पूरे दलपतशाह गांव के रहने वाले रामचरित्र के बेटे इंद्रजीत उर्फ लहुरी (20) मंगलवार की शाम पांच बजे गांव में ही कुछ लोगों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। इस दौरान विवाद हुआ और आरोपितों ने स्टंप से उसके सर पर हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया।लोगों के शोर मचाने पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में आसपुर देवसरा पुलिस ने अतुल सरोज उर्फ लाले पुत्र महेंद्र सरोज सनी सरोज उर्फ नाटे पुत्र धर्मेंद्र सरोज निवासी पुरे दलपतशाह को गिरफ्तार किया है तथा उनके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा व लोहे का बाका बरामद किया गया। आरोपितों की गिरफ्तारी थानाध्यक्ष धीरेंद्र ठाकुर एसआई योगेंद्र सिंह, राजन कुमार बिंद हेड कांस्टेबल भानु सिंह, पवन नायक, कांस्टेबल कैलाश यादव प्रदीप कुमार व शिवम सिंह ने की।



पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी

## खेत में पानी जाने को लेकर हुआ विवाद, तीन घायल

**पट्टी।** प्याज के खेत में पानी जाने कोलेकर विवाद हो गया। इस दौरान हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गये। कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर सराय गांव निवासी लाल बहादुर का आरोप है कि वह अपने खेत की सिंचाई कर रहा था। पानी कट कर उसकी भाभी के ब्याज की फसल में चला गया। इसी बात को लेकर वह गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर लाठी डंडे से उसे मारा पीटा। जबकि दूसरे पक्ष से कुसुम पत्नी स्व हौसला प्रसाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसके प्याज के खेत में पानी चला गया था। जिसका उलाहना लेकर गई तो देवर ने उसे लाठी डंडों से मारने पीटने लगा। बेटी रानी बीच बचाव करने आई तो उसे भी लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# वास्तव में जो श्रमशील है वही प्रगतिशील है : ब्रह्मदेव उपाध्याय

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत तरुण चेतना द्वारा बहुता ग्राम पंचायत मे अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर गोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तरुण चेतना के उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव उपाध्याय ने कहा कि वास्तव में जो श्रमशील है वही प्रगतिशील है।

मजदूर दिवस के इतिहास को बताते हुए उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हर साल एक मई को मनाया जाता है।मजदूर दिवस पहली बार 1889 में मनाने का फैसला लिया गया था। उन्होंने तापमान को देखते हुए लोगों से आवाह्न किया कि अपने अपने जन्मदिन एवं विवाह के अवसर पर वृक्ष लगाकर अपने गांव को हरा भरा बनाएं।तरुण चेतना के सह-निदेशक हकीम अंसारी ने कहा कि मजदूरों का सम्मान करो क्योंकि इन्हीं मजदूर के दम पर धरती से अनाज उगाया जाता है। आज के ही दिन तय किया गया था हर मजदूर की प्रतिदिन कार्य की अवधि आठ घंटे होगा। आज ही के दिन अमेरिका के शिकागो शहर में बुलंद हुई आवाज जब मजदूर सड़क पर उतर आए थे। तब से एक मई को मजदूर दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेतु प्रोजेक्ट के रिसर्च ऑफिसर श्याम शंकर शुक्ला ने किया। इस दौरान महिलाओ द्वारा निकाली गई रैली में जब तक भूखा इंसान रहेगा धरती पर तूफान रहेगा जैसे नारे लगाये गये। कार्यक्रम में शकुंतला देवी, अराध्या, शीला, राधा, सुधा गौतम, नाजरीन अंसारी, आरती, छाया, लालसा आदि लोग ने उपस्थित रहे।



रैली निकालते लोग

## संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर हुआ मंथन

**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के नौ मई को होने वाले चुनाव को लेकर गुरूवार को यहां लाइब्रेरी हाल में चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने बताया कि आठ मई को दक्षता भाषण में प्रत्याशियों को वर्णमाला के क्रम में मौका दिया जाएगा। वहीं उन्होनें बताया कि मतदान के दिन तीन बूथ पर अधिवक्ता मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। बैठक में मत पत्रों के रिकार्ड पर चुनाव समिति के कम से कम तीन सदस्यों का हस्ताक्षर अंकित किया जाएगा। वहीं बैठक में समिति की ओर से सभी प्रत्याशियों से कहा गया है कि वह कोर्ट रूम में किसी भी प्रकार की प्रचार प्रसार सामाग्री का उपयोग नहीं करेंगे। बैठक का संचालन महामंत्री विकास मिश्र ने किया। समिति में यह भी निर्णय लिया गया कि मतदान के लिए अधिवक्ताओं को मत पत्र काउण्टर पर अपना मूल परिचय पत्र अनिवार्य किया गया है। इस मौके पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र, संरक्षक वीरेन्द्र सिंह, कमलेश तिवारी, रामलगन यादव, संजय सिंह, घनश्याम सरोज, रमेश पाण्डेय, करूणाशंकर मिश्र, इरफान, राजेन्द्र विश्वकर्मा, प्रमोद सिंह मौजूद रहे।

## बकाया मजदूरी की धनराशि भारत सरकार द्वारा अवमुक्त की गयी

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त श्रम रोजगार अश्वनी कुमार ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा मनरेगा श्रमिकों की बकाया मजदूरी की धनराशि रुपए 2343.80 करोड़ 21 अप्रैल को अवमुक्त कर दी गयी है, शीघ्र ही मनरेगा श्रमिकों की बकाया मजदूरी की धनराशि उनके अपने बैंक खाते में पहुँच जायेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामग्री मद में भी भुगतान हेतु धनराशि शीघ्र ही अवमुक्त होने वाली है। मनरेगा श्रमिकों को बकाया मजदूरी सम्बन्धी किसी प्रकार की असुविधा होने पर अपने विकास खण्ड के कार्यक्रम अधिकारी अथवा विकास भवन स्थित उपायुक्त श्रम रोजगार कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

# श्रमिक दिवस पर सम्मान पाकर खिले कर्मचारियों के चेहरे

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** श्रमिक दिवस पर भागवत समग्र विकास समिति के द्वारा विभिन्न संस्थानों में सेवारत कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समिति के प्रबन्धक रमेशचंद्र मिश्र के निर्देशन में समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र व समिति की कोषाध्यक्ष सुश्री रीमा मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज, भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय अझारा, पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा व तारा देवी इंस्टीटयूट आफ एजूकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी भेभौरा, मौलवी फरजन्द अली कालेज आफ लॉ एवं तारा देवी क्रिकेट एकेडमी में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तारा देवी एजूकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष गौरव मिश्र ने श्रमिकों के राष्ट्रीय निर्माण में योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता, प्राचार्या डॉ0 पूनम त्रिपाठी, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, प्रधानाचार्य राहुल सिंह, प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा व कोच मुकेश नारायण आदि मौजूद रहे।


श्रमिक दिवस पर सम्मानित होते कर्मचारी

## फोन पर बात करने से मना करने पर पति को पिटवाया

**पट्टी।** पत्नी को फोन पर बात करने से मना करना पति को महंगा पड़ गया। पत्नी ने अपने मायके के लोगों को बुलाकर पति की लात-घूंसे व डंडे से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के बरहूपुर गांव निवासी संतोष कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि उसकी पत्नी किसी अनजान व्यक्ति के फोन पर बात करती है। जब उसने विरोध किया तो पत्नी ने मायके से अपनी बुआ के बेटे व अन्य लोगों को बुलाकर उसे घर में बंद करके जमकर मारा पीटा। शोर-शराबे पर संतोष का पिता शिवराम पहुंचा तो आरोप है कि उसे भी मारा पीटा गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# प्रभु श्रीराम लोक मर्यादा के हैं अलंकरण : आचार्य सरस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** क्षेत्र के हिरऊ का पुरवा बेलहा के जगदीश्वर धाम में हो रही संगीतमयी श्रीराम कथा में गुरूवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास मानस मर्मज्ञ आचार्य श्री श्याम नारायण सरस जी ने कहा कि भगवान श्रीराम के भव्य स्वरूप में हमें जीव के प्रति कल्याण तथा समता का भाव प्राप्त हुआ करता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम ने समाज में समरसता तथा भेदभाव की कुप्रथा को समाप्त करने के लिए नैतिक जीवन का हमें बोध कराया है। सरस जी ने कहा कि भगवान की स्तुति फल प्राप्ति के लिए नहीं वरन् सदैव शरण भाव में होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीराम हमारी लोक मयार्दा के अलंकरण हैं। कथा में श्रीराम नाम स्तुति गान में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। श्रीराम दरबार की भव्य आरती को भी निहारते भक्त श्रीरामनाम के जयघोष में आनंदित दिखे। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कथाव्यास श्याम नारायण सरस जी का माल्यार्पण कर सम्मान किया। संयोजक जगदीश नारायण मिश्र एवं राजकली ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान विजय प्रताप सिंह, श्याम नारायण तिवारी, दयाशंकर मिश्र, अवध नारायण तिवारी, शास्त्री सौरभ, प्रेम नारायण, कुलदीप, विनोद, दुर्गेश, अतुल शुक्ला आदि रहे।



## सम्पादकीय

### राहुल से नहीं आतंकवाद से लड़ें

**देश** के किसी भी दुश्मन से लड़ने का काम, चाहे वह सेना हो या आतंकवादी, सरकार और सेना का होता है। लेकिन देश की सत्ता पर काबिज भाजपा पहलगाम में हुए हमले के जिम्मेदार आतंकियों के साथ लड़ने की बजाय कांग्रेस एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी से लड़ रही है। देश भर में भाजपा ने पूरे देश में मुस्लिमों के खिलाफ एक तरह से अभियान छेड़कर भारत का एक विभाजित समाज के रूप में परिचय देने का काम किया है, वहीं राहुल पर हमला कर उसने यह भी संदेश दिया है कि देश में राजनीतिक एकता भी नहीं है। लाजिमी है कि इसका लाभ दुश्मन देश को ही मिलेगा।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को चाहिये कि उसे अपनी इस क्षुद्र लड़ाई को बाद के लिये छोड़ देनी चाहिये। फिलहाल यह देश की सामाजिक व राजनीतिक ऐका दिखाने का वक्त है, न कि यह संदेश देने का कि सियासी दलों को आपसी सिर-फुटौव्वल से लड़ने से ही फुरसत नहीं है। लम्बे समय के बाद राहुल गांधी मंगलवार व बुधवार को अमेठी तथा रायबरेली लोकसभा क्षेत्रों के दौरे पर पहुंचे थे। उनके आने के पहले दोनों जगहों पर उनके खिलाफ पोस्टर लगाये गये जिनमें उन्हें 'आतंकियों का साथी' बताया गया तो किसी में उन्हें जातिवाद के आधार पर देश को तोड़ने वाला करार दिया गया। कुछ पोस्टरों में कांग्रेस पर आतंकियों व पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया गया है। एक भाजपायी नेता ने अपनी तस्वीर के साथ इस आशय के पोस्टर लगाये कि राहुल व कांग्रेस जातिवाद के आधार पर देश को तोड़ेगी तो भाजपा राष्ट्रवाद के आधार पर जोड़ेगी। भाजपा से इसलिये उम्मीद लगानी स्वाभाविक है क्योंकि केन्द्र सरकार का नेतृत्व वही करती है। इस नाते उसे इस मसले पर गम्भीर होने की जरूरत है, लेकिन जिस प्रकार से इस समय देश के अलग-अलग हिस्सों में मुसलमानों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार हो रहा है, राहुल के साथ उसका सलूक वैसा ही गैर जिम्मेदाराना है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा सांसद अखिलेश यादव के साथ भी कुछ कुछ ऐसी ही बदसलूकी कर रही है क्योंकि सपा के साथ बड़ी तादाद में मुसलमान हैं तथा भाजपा उनके खिलाफ है।

देश के अनेक राज्यों से मुसलमानों को धमकियां देने, उनके साथ मारपीट करने, कश्मीरी छात्रों को शहर छोड़कर जाने की धमकियां देने तथा एक-दो हत्याओं से लगता है कि उग्र राष्ट्रवाद को इन सबसे संतोष नहीं मिल रहा है। सो आलोचना की तोप राहुल की तरफ मोड़ दी गयी है। जातिवाद के जरिये राहुल-कांग्रेस पर देश को तोड़ने का आरोप दरअसल उनकी जातिगत जनगणना की मांग से जुड़ा है। हालांकि बुधवार को हुई केबिनेट बैठक में सरकार ने फैसला लिया है कि वह जातिगत जनगणना कराएगी। मगर अपनी बौखलाहट में राहुल पर आक्रमण करती भाजपा को भूलना नहीं चाहिये कि राहुल व कांग्रेस परिवार के दो लोगों की हत्याएं आतंकवादियों ने ही की हैं। भाजपा के जो लोग इस पोस्टर वॉर का हिस्सा हैं या उसे अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं, वे इस बात को भी भूलते हैं कि विपक्षी नेताओं में सबसे पहले राहुल तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऐलान किया था।

# क्या मोदी पाकिस्तान के खिलाफ अमेरिका की दोस्ती का इस्तेमाल कर सकते हैं

– नित्य चक्रवर्ती

**भारत के** लिए, सबसे तात्कालिक मुद्दा यह है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी 22 अप्रैल को ट्रम्प के 100 दिन पूरे होने से ठीक सात दिन पहले हुए पहलगाम नरसंहार पर जवाबी कार्रवाई के रूप में पाकिस्तान के खिलाफ गंभीर सैन्य कार्रवाई करते हैं, तो ट्रम्प क्या निर्णय लेंगे। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, सभी देशों ने पहलगाम नरसंहार की कड़ी निंदा की है ।

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने 29 अप्रैल, मंगलवार को अपने दूसरे गैर-लगातार कार्यकाल में अपने पहले 100 दिन पूरे कर लिए हैं, जबकि उनकी अव्यवस्थित नीतियों के कारण वैश्विक अव्यवस्था जारी है। एकतरफा टैरिफ वृद्धि, गाजा में शांति स्थापित करने में विफलता, इजरायल द्वारा हत्याओं का सिलसिला भी जारी है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था अभी भी ट्रम्प के खुद के कदमों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में आयी उथल-पुथल के साथ तालमेल नहीं बिठा पाई है।

ट्रम्प प्रशासन के पहले 100 दिनों में टैरिफ नीति के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में कई उतार-चढ़ाव देखे गये। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध में चीन के साथ अपनी लड़ाई में ट्रंप ने पहले कदम बढ़ाया है, लेकिन अभी तक चीन ने आधिकारिक तौर पर वार्ता के लिए प्रतिनिधि नहीं भेजे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रति ट्रंप का रुख अब नरम है। ट्रंप के सलाहकारों को उम्मीद है कि जुलाई के पहले सप्ताह में समाप्त होने वाली 90-दिवसीय विराम अवधि के दौरान अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए पचास से अधिक देशों की सहमति मिल जायेगी। अब तक कुल 180 व्यापार भागीदारों में से 21 देश व्यापार शर्तों पर बातचीत करने के लिए सहमत हो गये हैं।

अमेरिकी लोग ट्रंप के आखिरी 100 दिनों को किस तरह देख रहे हैं? न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित अमेरिका के प्रमुख शहरों में ट्रंप की मगानीतियों और अंधाधुंध निर्वासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। खास बात यह थी कि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी की इतने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों में कोई भूमिका नहीं थी। ट्रेड यूनियनों और महिला संगठनों सहित विभिन्न हित समूहों ने इसमें अग्रणी भूमिका निभायी।

ट्रंप के लिए बेचैन करने वाला पहलू यह है कि हाल के जनमत सर्वेक्षणों में ट्रंप की स्वीकृति रेटिंग 39 से 44 प्रतिशत के बीच दर्ज की गयी, जो अमेरिकी विश्लेषकों के अनुसार, 100 दिन पूरे होने के बाद अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में सबसे कम थी। जो बाइडेन 54 प्रतिशत और बराक ओबामा 62 प्रतिशत पर थे। 100 दिनों के बाद उनकी रेटिंग में यह गिरावट बढ़ सकती है, अगर वे इस साल जुलाई के बाद अपनी व्यापार कूटनीति में सफलता प्राप्त कर सकें और अमेरिकी लोगों और व्यापारिक साझेदारों को यह साबित कर सकें कि अमेरिका के समर्थन के बिना कोई भी देश वैश्विक व्यापार में समृद्ध नहीं हो सकता।

अमेरिकी लोगों ने यह भी देखा है कि वे एकमात्र राष्ट्रपति हैं जिन्होंने गाजा और यूक्रेन में युद्धविराम लाने का काम तुरंत शुरू किया। यह एक नाजुक और समय लेने वाली प्रक्रिया है, लेकिन ट्रम्प युद्धविराम की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए रूसी और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों को एक शिखर सम्मेलन में लाने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प 9 मई को मास्को में विजय दिवस समारोह में भाग लेने वाले हैं। ट्रम्प और पुतिन दोनों यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के बारे में अधिक बात कर सकते हैं, जबकि



यूरोपीय संघ के सदस्य राष्ट्रपति जेलेंस्की को रूस के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए उकसा रहे हैं।

यूरोप के संबंध में, ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के सदस्यों को पूरी तरह से अलग-थलग कर दिया है। हंगरी को छोड़कर, उनका कोई समर्थक नहीं है। लेकिन इस साल 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण के बाद से ही यूरोपीय देशों, खास तौर पर्र फ्रांस और जर्मनी के खिलाफ उनके हमलों ने उन देशों में दक्षिणपंथी पार्टियों की मदद नहीं की है। जर्मनी में ट्रंप का अभियान विफल रहा और फिलहाल जर्मन राष्ट्रवाद की जीत हुई। 28 अप्रैल को केनडा में राष्ट्रीय चुनाव हुए, जिसमें मार्क कार्नी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी की बड़ी जीत देखी गयी, जो वर्तमान प्रधानमंत्री हैं।

भारत के लिए, सबसे तात्कालिक मुद्दा यह है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी 22 अप्रैल को ट्रम्प के 100 दिन पूरे होने से ठीक सात दिन पहले हुए पहलगाम नरसंहार पर जवाबी कार्रवाई के रूप में पाकिस्तान के खिलाफ गंभीर सैन्य कार्रवाई करते हैं, तो ट्रम्प क्या निर्णय लेंगे। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, सभी देशों ने पहलगाम नरसंहार की कड़ी निंदा की है और भारत को समर्थन दिया है, लेकिन उन्होंने भारत के इस दावे का समर्थन करते हुए कुछ भी नहीं कहा है कि इसके पीछे पाकिस्तान का हाथ था।

22 अप्रैल को ही, ट्रम्प और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे. डी. वांस, जो उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन भारत में थे, ने सहानुभूतिपूर्वक भारत का समर्थन किया। इसे यहां के सरकारी अधिकारियों द्वारा भारतीय स्थिति के लिए एक तरह से स्पष्ट समर्थन के रूप में लिया गया। लेकिन बाद में ट्रंप ने अपना रुख बदलकर तटस्थ रुख अपनाया जब उन्होंने कहा कि- सीमा पर हमेशा तनाव रहा है, लेकिन दोनों देश इसे सुलझा लेंगे। अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड की टिप्पणी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहाः 'अमेरिका भारत के साथ खड़ा है क्योंकि वह जघन्य पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगा रहा है।'

मौलिक बात यह है कि वर्तमान वैश्विक स्थिति में ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच एक और युद्ध नहीं चाहेंगे, चाहे अमेरिकी राष्ट्रपति की अपने प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी के प्रति व्यक्तिगत पसंद कुछ भी हो। लेकिन निश्चित रूप से, भारत अमेरिका को पाकिस्तान सरकार पर आतंकी शिविरों को नष्ट करने और भारत के खिलाफ पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवादियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए जबरदस्त दबाव डालने के लिए राजी कर सकता है। भारतीय खुफिया एजेंसियों के पास ऐसे आतंकी शिविरों की सूची होगी। सीआईए के पास भी होगी। ट्रंप और तुलसी गबार्ड दोनों के साथ अच्छे संबंधों का उपयोग भारत के लिए तत्काल उपलब्ध विकल्प है। पाकिस्तान पहलगाम नरसंहार की जांच के लिए एक अंतरराष्ट्रीय जांच स्थापित करने की मांग कर रहा है। चीन और कुछ अन्य देशों ने इसका समर्थन किया है। स्पष्ट कारणों से, भारत इस पर सहमत नहीं हो सकता क्योंकि इससे कश्मीर की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय बनाने में मदद मिलेगी। आतंकी शिविरों को नष्ट करने की सीमित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, या तो अमेरिका द्वारा की गयी कार्रवाई के द्वारा, या अमेरिकी समर्थन के साथ भारतीय बलों द्वारा। ट्रंप एक लेन-देनवादी हैं। वह भारत को समर्थन के लिए अमेरिकी व्यापार के लिए कुछ बड़े सौदे की तलाश कर सकते हैं, जैसा कि उन्होंने यूक्रेन के खनिज संसाधनों के बारे में राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ किया था।

किसी भी मामले में, भारत के पास बहुत कम विकल्प हैं। मोदी शासन के पिछले ग्यारह वर्षों में, विदेश नीति को अमेरिका को एकमात्र मित्र के रूप में विकसित करने के लिए तैयार किया गया है। रूस इस समय अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में नाराज है, रक्षा आयात के कई क्षेत्रों में रूस की जगह ली जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पिछले साल 22 अक्टूबर को कजान में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिये जाने के छह महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई तिथि तय नहीं की गयी है।

# राजनैतिक हिसाब-किताब फिर कभी, अभी एकजुटता दिखाने की जरूरत

– सर्वमित्रा सुरजन

**अब भाजपा** नेतृत्व को भी अपने नेताओं, कार्यकताओं को ऐसे ही निर्देश देने चाहिए। राजनैतिक हिसाब-किताब के लिए काफी वक्त मिल जाएगा, लेकिन ये समय देश के लिए एकजुट होकर खड़े रहने का है। समाज के बाकी तबकों को भी इस पर विचार करना चाहिए कि नफरत और हिंसा की घटनाओं को आखिर कैसे रोका जा सकता है।

उत्तराखंड के मसूरी में कश्मीरी शॉल बेचने वाले दो लोगों के साथ मारपीट कर उन्हें चले जाने कहा गया, इस घटना का वीडियो बनाया गया, जिसमें पीड़ितों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस घटना के बाद कम से कम 16 कश्मीरी शॉल विक्रेता मसूरी छोड़ कर चले गए, जबकि वे बरसों से यहां थे।....

'ये विश्व पाकिस्तान का नहीं है। पाकिस्तान के एजेंट इसी चौराहे पर खड़े होकर सुन रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि 'अब तुम भोपाल में हंगामा करके दिखाओ। आरिफ मसूद, चोर और उसके साथी जो हमारे धर्म का विरोध करते हैं, उन्हें हम नहीं छोड़ेंगेज यहीं पर निपट लेंगे।'... ये बयान मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य कृष्णा घाडगे ने दिया। जिन आरिफ मसूद का जिक्र उन्होंने किया, वे कांग्रेस के विधायक हैं। हालांकि श्री घाडगे का कहना है कि उनकी रैली पाकिस्तान के खिलाफ थी और मसूद के फैन क्लब ने उनके बारे में झूठी शिकायत दर्ज कराई है।...

मंगलुरु में एक क्रिकेट मैच के दौरान 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के कथित नारे लगाने पर 25 से अधिक लोगों के एक समूह ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी...। 27 अप्रैल को दिन के करीब 3 बजे यह घटना हुई, जिसमें भीड़ लाठियों से पीड़ित को पीटती रही और उसे मार डाला गया...।

प.बंगाल में एक शहर में व्यस्त मार्ग पर पाकिस्तान के झंडे का स्टीकर चिपकाया गया, ताकि राहगीरों के पैर उस पर पड़ते रहे...कुछ जगहों पर पाकिस्तनी झंडे को जलाने की कोशिश भी की गई...।

अलीगढ़ में सड़क पर पाकिस्तान का झंडा पड़ा देख 9वीं कक्षा के एक छात्र ने उसे हटाने के लिए उठाया, इस पर वहां मौजूद हिंदूवादी संगठन के कुछ कार्यकताओं ने छात्र को पकड़ लिया, छात्र पर आरोप लगे कि वो झंडे की 'हिफाजत' कर रहा है, उसने रोते हुए माफी मांगी और कहा कि वो ऐसा कुछ नहीं कर रहा था, लेकिन उस छात्र को आतंकवादी कहते हुए उससे पाकिस्तान के झंडे पर कील ठुकवाई गई और फिर पेशाब भी करवाई गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया गया है। ...



उपरोक्त तमाम दृष्टांत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद के हैं, जिसमें पाकिस्तान से बदला लेने को तत्पर देशभक्त नागरिक अपने ही साथी नागरिकों को प्रताड़ित कर रहे हैं। इस प्रताड़ना का सबसे बड़ा आधार यही है कि पीड़ित व्यक्ति मुस्लिम है। देश में अल्पसंख्यकों पर इस किस्म के अत्याचार पहली बार नहीं हुए हैं। लेकिन ऐसी घटनाओं का बार-बार होना और खासकर संवेदनशील वक्त में इनकी आवृत्ति बढ़ना न केवल देश की एकता के लिए खतरनाक है, बल्कि इस लिहाज से भी चिंताजनक है कि हम किस कदर कुंठाग्रस्त और हिंसक मनोवृत्ति वाले समाज में तब्दील हो चुके हैं। एक निर्वाचित विधायक से लेकर 9वीं कक्षा के छात्र तक किसी को भी हिंसा का डर दिखाया जा रहा है, तो क्या ये सभ्य समाज की निशानी मानी जाएगी। 9वीं कक्षा के छात्र से पाक झंडे पर पेशाब करवा कर और उसका वीडियो बनाकर क्या देशभक्ति का सबूत जुटाया जा रहा है। वह किशोर बच्चा इस मानसिक यंत्रणा के बाद क्या लंबे वक्त तक सामान्य हो पाएगा। चंद उन्मादी लोगों ने उसे जीवन भर का दाग दे दिया है, जिसे न जाने कैसे मिटाया जा सकेगा।

पाकिस्तान के झंडे को कुचलकर या उसे उठाने वाले को सजा देकर या कश्मीर में हुए आतंकी हमले का बदला कश्मीरी लोगों पर उतारकर हम अपने मानसिक दिवालिएपन का नमूना दुनिया के सामने पेश कर रहे हैं, ये बात इस समय उग्र राष्ट्रवाद से ग्रस्त लोगों को समझ नहीं आएगी, और जब तक आएगी, तब तक शायद देर हो चुकी होगी।

इन घटनाओं के बीच एक घटना का वीडियो और सामने आया है, जिसमें दिल्ली के एक भाजपा नेता के घर एसी सर्विस करने आए दो लोगों को केवल इसलिए लौटा दिया गया क्योंकि वे मुसलमान हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि घर के दरवाजे पर खड़े दो व्यक्तियों से कहा जा रहा है कि तुम चले जाओ हम मुसलमानों से काम नहीं कराते, अपनी कंपनी से कहो किसी हिंदू को भेजें।

पहले भी कई गिग वर्कर्स के साथ धर्म के आधार पर ऐसा अपमानजनक व्यवहार हो चुका है, लेकिन अब अपमान करने के साथ-साथ उनका वीडियो बनाकर डालना समाज में यह संदेश फैलाने की कोशिश करना है कि यह देश अल्पसंख्यकों का नहीं है और अगर उन्हें यहां रहना है तो इसी तरह डर कर, अपमानित होकर रहना पड़ेगा। यह कोई अच्छी स्थिति नहीं है। मगर अपनी राजनीतिक जमीन पुख्ता करने के लिए शायद यही अच्छी स्थिति है। कुछ और दृष्टांत देखिए-

पहलगाम हमले के फौरन बाद महाराष्ट्र में भाजपा विधायक नीतेश राणे ने कहा है कि हिंदुओं को कुछ भी खरीदने से पहले दुकानदार का धर्म पूछना चाहिए और उसे हनुमान चालीसा पढ़ने कहना चाहिए। वहीं केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस हमले में खुफिया एजेंसियों की नाकामी और सरकार की विफलता को लेकर उठते सवालों के बीच कहा कि जब तक 140 करोड़ भारतवासी देशभक्ति और राष्ट्रवाद को अपना परम धर्म मानते नहीं हैं, तब तक इस तरह की घटनाएं देश को परेशान करती रहेंगी।

यह बड़ा ही निराशाजनक बयान था, जिसमें देश की जनता को ही ऐसी घटना का कसूरवार ठहरा दिया गया। जब नरेन्द्र मोदी बार-बार इन 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार बताते हैं, तो क्या वे राष्ट्रद्रोहियों को अपना भाई-बंधु बता रहे हैं, यह बात श्री गोयल को स्पष्ट करनी चाहिए। वैसे दुख की बात है कि भाजपा ने पहले नेहरू-गांधी जैसे स्वाधीनता सेनानियों का अपमान किया, विपक्ष की आवाज को दबाया, संविधान को बदलने की कोशिश की, अंबेडकर के नाम लेने को फैशन बताया, सुप्रीम कोर्ट पर पक्षपात का आरोप लगाया, मुख्य न्यायाधीश को गृहयुद्ध भड़काने वाला बताया और अब उस आम जनता को ही कटघरे में खड़ा कर दिया, जो सारी तकलीफें सहते हुए, चुपचाप अपना काम करती है, ताकि देश आगे बढ़े, टैक्स भरती है ताकि राजकोष भरे, नियमों-कानूनों का पालन करती है, ताकि देश में अराजकता न फैले, ये सब देशभक्ति और राष्ट्रवाद नहीं है तो फिर और क्या है। लेकिन भाजपा के नेता अब भी देशभक्ति और राष्ट्रवाद के अपने पैमाने पर 140 करोड़ लोगों की देशभक्ति को परख रहे हैं।

अफसोस की बात ये है कि इनके पैमाने में देश के लिए शहीद हुए लोगों के लिए भी सम्मानजनक स्थान नहीं है। अन्यथा आज राहुल गांधी, सोनिया गांधी या प्रियंका गांधी की देशभक्ति पर सवाल नहीं किए जाते।

मंगलवार को राहुल गांधी रायबरेली के दौरे पर थे और बुधवार को वे अमेठी पहुंचे, इस दौरान अज्ञात लोगों ने उनके खिलाफ पोस्टर लगाए, एक में लिखा आतंक का साथी, राहुल गांधी। एक अन्य पोस्टर में राहुल, कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और महाराष्ट्र के नेता विजय वडेट्टीवार की फोटो के साथ लिखा - इंडी गठबंधन का हाथ पाकिस्तान के साथ। तीसरे पोस्टर में गुलाम नबी आजाद, लश्कर आतंकी हाफिज सईद और सैफुद्दीन सोज की फोटो लगी थी, इसमें लिखा था- कांग्रेस आतंकियों और पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। क्या राहुल और उनकी पार्टी पाकिस्तान और आतंकवादियों का एजेंडा आगे बढ़ा रही? उप्र पुलिस ने इन पोस्टरों को उतार लिया है, लेकिन सोचने वाली बात है कि जिन राहुल गांधी ने अपने पिता और दादी को आतंकवाद के कारण ही खोया है, जो देश के नेता प्रतिपक्ष हैं, उन पर इस तरह के इल्जाम क्यों लगाए जा रहे हैं। इसी तरह प्रियंका गांधी का दोसा बनाते एक वीडियो शेयर करते हुए एक भाजपा समर्थक ने लिखा, जिस तरह देश को जलाया, उसी तरह दोसा जला रही हैं।

भाजपा नेता संबित पात्रा ने राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के खिलाफ दिए एक लंबे-चौड़े बयान में कहा कि यह इंडी गठबंधन नहीं है, यह रावलपिंडी गठबंधन है। आज से हम इन्हें इंडी गठबंधन नहीं कहेंगे, हम इन्हें 'पिंडीइ गठबंधन कहेंगे। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेता पाकिस्तानी मीडिया के हीरो हैं। मुझे लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब इस 'पिंडीइ गठबंधन के लोग पाकिस्तान में चुनाव लड़ेंगे।

गौर करने की बात यह है कि विपक्ष पर सारे इल्जाम उस वक्त लगाए जा रहे हैं, जब सर्वदलीय बैठक में समूचे विपक्ष ने सरकार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ देने का ऐलान किया है। हालांकि कांग्रेस के ट्विटर हैंडल पर नरेन्द्र मोदी को निशाने पर लेते हुए कुछ ट्वीट किए गए, जिन पर भाजपा ने आपत्ति जाहिर की, तो कांग्रेस ने उन्हें हटा लिया साथ ही के सी वेणुगोपाल ने सख्त निर्देश दिए हैं कि कांग्रेस कार्यसमिति में लिए फैसले के आधार पर पार्टी लाइन पर ही बयान दिए जाएं ।

## तहसील गेट पर लगी निशुल्क प्याऊः उपजिलाधिकारी ने किया शुभारंभ, राहगीरों के लिए राहत की पहल




**गाजीपुर। जनपद में भीषण** गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से मुहम्मदाबाद नगर पालिका क्षेत्र के तहसील मुख्य द्वार पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इस जनसेवा कार्य का शुभारंभ उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गुड़ से मुंह मीठा किया और प्याऊ से ठंडा जल ग्रहण कर सेवा का प्रतीकात्मक आरंभ किया।

इस प्याऊ की स्थापना समाजसेवी राम आसरे ठाकुर के सौजन्य से की गई है। इसका उद्देश्य राहगीरों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों को तपती गर्मी में ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, ताकि लोग गर्मी से कुछ राहत पा सकें और प्यास बुझा सकें।

इस जनहितकारी पहल के उद्घाटन अवसर पर नगर के अनेक सम्मानित नागरिक, अधिवक्ता, शिक्षक व नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रमोद कुमार, जय हिंद (शिक्षक), तेज बहादुर, राजेंद्र पाल बिंद, रिंकू (संचालिका), शिक्षिका एवं सेवा दल के सदस्य उपस्थित थे। सभी ने इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और ऐसे कार्यों से लोगों में सकारात्मक सोच का संचार होता है। यह प्याऊ न केवल जल सेवा का प्रतीक है,

बल्कि समाज में आपसी सहयोग और सेवा की भावना को भी दशार्ता है। इस प्रकार की व्यवस्थाएं न केवल प्यास बुझाती हैं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भी बोध कराती हैं। उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्य निरंतर होते रहेंगे और समाज सेवा की यह परंपरा आगे बढेगी।

## विशिष्ट शिल्पकारों के लिए पेंशन योजना

### जनपद के इच्छुक शिल्पकार/दस्तकार उद्योग विभाग में करें आवेदन

**भदोही । डिप्टी** कमिश्नर इंडस्ट्रीज आशुतोष सहाय पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिल्पकार/दस्तकार के लिए विशिष्ट शिल्पकारों के लिए पेंशन योजना लागू की गयी है। इस योजना का लाभ जनपद के ऐसे शिल्पकार / दस्तकार पात्र होंगे जिन्हें भारत सरकार के शिल्पगुरु के रूप में चयनित किया जाता है अथवा जो राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार / राज्य सरकार के हस्तशिल्प पुरस्कार / दक्षता प्रमाण-पत्र प्राप्त होते है। शिल्पकार / दस्तकार की न्यूनतम आयु 50 वर्ष अवश्य होनी चाहिए, अधिकतम आयु का कोई प्रतिबन्ध नही है अर्थात चयनोपरान्त जीवनकाल तक इस पेंशन के लिए अधिकृत होंगें। शारीरिक विकलांग शिल्पकार / दस्तकार होने की स्थिति में न्यूनतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट है, जिसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।जनपद के इच्छुक शिल्पकार / दस्तकार उद्योग विभाग की वेबसाइट पर अपना आवेदन आनलाइन कर, आवेदन पत्र निम्नलिखित अभिलेखों सहित दिनांक 10.05.2025 तक कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, भदोही में जमा कर सकते है।

1. मुद्रित आवेदन पत्र 2. हस्तशिल्प पहचान पत्र 3. आधार कार्ड 3. निवास से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र 4. आय प्रमाण-पत्र 5. जाति प्रमाण-पत्र 6. बैंक पासबुक की फोटो प्रति

7. फोटोग्राफ पासपोर्ट साइज 8. निर्धारित प्रारूप पर शपथ-पत्र ।

# क्या संविधान के बाहर है दिव्यांग विश्वविद्यालय? एडीएम ने पल्ला झाड़ा, वीसी ने जिम्मेदारी टाली

- लाठी चार्ज पर कुलपति ने की कड़ी निंदा
- न्याय को दर-दर भटकते दिव्यांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट के दिव्यांग विश्वविद्यालय में गुरूवार को छात्रों व कुलपति के बीच एक बैठक हुई, जिसमें छात्र अपनी न्यायिक मांगों को लेकर खुलकर सामने आए। छात्रों ने दोषी शिक्षकों और कर्मचारियों की तत्काल गिरफ्तारी व सस्पेंशन की मांग की, साथ ही यह भी आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी परेशानियों को न केवल नजरअंदाज कर रहा है, बल्कि उन्हें समाधान की बजाय सिर्फ दौड़ाया जा रहा है।

जब छात्रों ने विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर कुमार पांडेय से अपने सवाल किए, तो उन्होंने कहा कि एफआईआर मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, आप लोग न्यायपालिका का सहारा लें।



दिव्यांग छात्रों से वार्ता करते कुलपति

### कुलपति की कडी निंदा

विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर कुमार पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय इस बर्बर घटना की कड़ी निंदा करता है और स्थिति को सामान्य करने के लिए पठन-पाठन का माहौल फिर से बनाने की कोशिश की जा रही है। आगे बताया कि इस मुद्दे पर दो समितियाँ गठित की गई हैं- एक विश्वविद्यालय प्रशासन की और दूसरी जिला प्रशासन की। यह भी कहा कि हमारे पास 5 सदस्यीय टीम है, जिसमें एक छात्र का प्रतिनिधि भी शामिल है। निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच आख्या आने पर कडी कार्रवाई की जाएगी।

छात्रों ने बताया कि जब उन्होंने डीएम से संपर्क करने का प्रयास किया, तो उन्होंने बताया कि जल्द ही जांच रिपोर्ट आएगी। मगर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। डीएम व विश्वविद्यालय प्रशासन की इस चुप्पी ने छात्रों के दिलों में और भी सवाल खड़े कर दिए हैं। छात्रों का आरोप है कि जहां एक तरफ वे न्याय की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें सिर्फ दौड़ाया जा रहा है। क्या प्रशासन का उद्देश्य हमें सिर्फ परेशान करना है, या कि हमें न्याय देना? छात्रों के इस सवाल ने प्रशासन की नीयत पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। अंत में, सवाल है कि क्या विश्वविद्यालय संविधान के दायरे से बाहर है, या फिर यह एक ठोस योजना का हिस्सा है, जिसमें साजिशन दिव्यांग छात्रों को न्याय न मिल सके?

## आपराधिक अत्याचार या आंतरिक मामला? चित्रकूट का जलियांवाला कांड

**निरंजन पाण्डेय**

- जब लाचारों को लाठियों से पीटा गया
- जख्म दिव्यांगों के शरीर पर नहीं, संविधान पर हैं
- संविधान चुप है, लेकिन सवाल चीख रहे हैं?

**चित्रकूट।** जिले के दिव्यांग विश्वविद्यालय में छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के मामले ने अब संवैधानिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। छात्रों ने इस बर्बरता की शिकायत एसडीएम व डीएम से की। इसके बाद बुधवार को एडीएम ने पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट डीएम को सौंपी। रिपोर्ट में वीडियो फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर छात्रों की बातों में दम होने की संभावना एडीएम ने खुद स्वीकारी। लेकिन इसी रिपोर्ट में एक चौंकाने वाली बात भी सामने आई-एडीएम के अनुसार यह विश्वविद्यालय का आंतरिक मामला है, और इसे विवि प्रशासन खुद निपटाएगा।

सवाल है-क्या अब अपराध भी इंटरनल मैटर हो गया है? क्या अगर किसी संस्थान में छात्रों पर बर्बरतापूर्वक हमला हो, तो उसे संस्थान की दीवारों में कैद कर कानून को दरकिनार किया जा सकता है? क्या विवि प्रशासन संविधान से ऊपर हो गए हैं कि उनके खिलाफ कार्रवाई तक अनुशंसा के लायक भी नहीं समझी गई? प्रशासन के इस रवैये ने न केवल छात्रों के घावों को और गहरा किया है, बल्कि संविधान और कानून की आत्मा पर भी चोट की है। सोचने वाली बात ये है कि जब वही प्रशासन किसी और मामले में तत्काल गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर सकता है, तो यहां दर्जनों घायल बच्चे, वायरल वीडियो और लिखित शिकायतों के बाद भी एफआईआर के आदेश क्यों नहीं दिए जा रहे? क्या इस बार पीड़ित दिव्यांग छात्र हैं इसलिए संवेदना कुंद हो गई है? इस घटना को अंदरूनी मामला कहकर छोड़ देना न केवल न्याय का उपहास है, बल्कि कानून की आत्मा का गला घोंटना भी।

## न्यूज झरोखा

### नाले में ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत, बेटा घायल

**रैपुरा/चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थाना के रामाकोल गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में किसान की जान चली गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। खेत में भूसा लेने जा रहे पिता-पुत्र के ट्रैक्टर के अचानक अनियंत्रित होकर नाले में पलट जाने से यह हादसा हुआ। ज्ञात है कि श्रवण कुमार उर्फ लल्ला (45) बेटे जयप्रकाश (16) के साथ खेत में भूसा लेने के लिए ट्रैक्टर से निकले थे। घर से कुछ ही दूरी पर स्थित नाले के पास ट्रैक्टर अचानक संतुलन खो बैठा और पलट गया। जयप्रकाश ने स्थिति भांपते हुए समय रहते ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचा ली, हालांकि कूदने के दौरान उसे चोटें आईं। लेकिन श्रवण कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने श्रवण को किसी तरह ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला और तत्काल सीएचसी ले गए। वहां से हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। स्थिति में सुधार न होने पर उन्हें प्रयागराज रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना पर थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायल जयप्रकाश का प्राथमिक उपचार कराया गया है। गांव में इस हादसे के बाद शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से परिवार को मुआवजे की मांग की है।

### वरिष्ठ पत्रकार बिन्देश्वरी प्रसाद गुप्ता का निधन

**चित्रकूट।** वरिष्ठ पत्रकार बिन्देश्वरी प्रसाद गुप्ता का गुरुवार को सबेरे निधन हो गया। वह पिछले एक वर्ष से बीमार चल रहे थे। लगभग 50 वर्ष से पत्रकारिता जगत में सक्रिय बिन्देश्वरी प्रसाद गुप्ता के निधन पर जिले के पत्रकारों ने शोक जताया है। चित्रकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि 75 वर्ष की आयु में भी स्व बिन्देश्वरी प्रसाद गुप्ता की सक्रियता युवाओं को प्रेरणा देती थी।

### भुर्जी जाति के युवाओं को स्वरोजगार का सुनहरा मौका

**निःशुल्क मिलेगी पॉपकॉर्न मशीन**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने चित्रकूट के पारंपरिक स्वरोजगार से जुड़े भुर्जी जाति के कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में एक बड़ा अवसर दिया है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 18 से 50 वर्ष की आयु के इच्छुक पात्र व्यक्तियों को पॉपकॉर्न मेकिंग मशीनें निःशुल्क वितरित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन विभाग की वेबसाइट पर किया जा सकता है। जिले के लिए कुल 10 मशीनों का लक्ष्य निर्धारित है और वितरण शासन द्वारा गठित समिति की संस्तुति के आधार पर किया जाएगा।

## प्रतिदिन अभियान चलाकर हेलमेट चेकिंग तथा ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध करें कार्यवाही : डीएम



**बांदा।** जिलाधिकारी जे० रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व कमी लाने हेतु लोगों को जागरूक किये जाने तथा ओवर स्पीड के द्वारा होने वाली घटनाओं को रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने बाबूलाल चौराहे में डिवाइडर बनाये जाने का कार्य एक माह में पूर्ण करने तथा ट्रैफिक पार्क बनाये जाने हेतु कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने हेलमेट चेकिंग के लिए प्रतिदिन अभियान चालये जाने तथा ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए प्रसमन शुल्क लगाये जाने के निर्देश दिये। ई-रिक्शा से शहरी मार्गों में ट्रैफिम जाम की समस्या के दृष्टिगत क्षेत्रवार ई-रिक्शा को यूनिक नम्बर देकर वनवे व्यवस्था करते हुए संचालित करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि माह अप्रैल, 2025 से 536 ई-रिक्शा का चालान किया गया है। उन्होंने डीएम कालोनी मार्ग में चल रहे चौडीकरण कार्य के अन्तर्गत अतिक्रमण का चिन्हाकंन कर नोटिस जारी करते हुए हटाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एनएचआई के प्रतिनिधि को एनएच-232 के अन्तर्गत जनपद बॉदा में पडने वाले 33 किलोमी० भाग में अवशेष मार्ग के कार्य को एक माह के अन्दर ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिन्हित 19 ब्लैक स्पाट पर लोक निर्माण विभाग द्वारा दुर्घटनाओं से बचाव हेतु लगाये गये संकेतक, रम्बलस्टिप, सेन्ट्रल लाइन बनाये जाने व अन्य कार्यों का विवरण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बिना लाइसेन्स के वाहन चलाने, कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने, बिना फिटनेस के वाहन संचालन करने, स्कूली वाहन मानक के अनुरूप न पाये जाने पर तथा सड़क पर वाहन चलाते समय स्टंट करने वालों पर कडी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कालूकुआं व संकटमोचन के पास पुलिस चौकी हेतु जगह चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवहन विभाग द्वारा व्यवसायिक वाहनों विशेषकर ट्रैक्टर की ट्रालियों में अभियान चलाकर रिफलेक्टर टेप लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने भारी वाहनों को प्रतिबन्धित समय में शहर में प्रवेश करने की चेकिंग कराये जाने के भी निर्देश देते हुए इसका कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मदन मोहन वर्मा, आरटीओ शंकर सिंह, लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड राजेश कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-1, पीटीओ, सहित क्षेत्राधिकारी पुलिस, तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गणेश बाग के पास बनेगा अत्याधुनिक मॉडल स्कूल, डीएम ने किया भूमि का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के विकास खंड कर्वी के ग्राम पंचायत बनाडी (गणेश बाग के पास) में प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने भूमि का निरीक्षण किया। यह विद्यालय पूर्व माध्यमिक से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा को दो मंजिला, आधुनिक सुविधाओं से युक्त संरचना के रूप में विकसित किया जाएगा। निरीक्षण में डीएम ने तहसीलदार कर्वी को निर्देशित किया कि भूमि का शीघ्र चिन्हांकन कर कार्यदायी संस्था को हस्तांतरित कराया जाए। साथ ही यूपीपीसीएल (उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट



मौके पर जांच करते डीएम

कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि कार्य समयबद्ध ढंग से और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो। डीएम ने स्पष्ट कहा कि यह स्कूल जिले में एक शिक्षा का आदर्श केंद्र बने, इसके लिए बाल वाटिका, बहुद्देशीय हाल, स्टाफ आवास, गार्डन रूम, खेल मैदान, जल आपूर्ति व विद्युतीकरण जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर अमर सिंह राठौर एवं सहायक अभियंता सुनील कुमार कनौजिया भी मौजूद रहे।

## बोलेरो ने ऑटो को मारी टक्कर, 5 लोग घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के मऊ थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। मऊ छीबों संपर्क मार्ग पर पीपरौंद मोड़ के पास करीब 12:30 बजे एक तेज रफ्तार व अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं बुलेरो भी सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। घायलों में शाहिद अली (18 वर्ष), नाजरा बानो (7 वर्ष), साबिर अली (13 वर्ष), नाजमा बानो (20 वर्ष) व 14 माह की बच्ची अलसिफा शामिल हैं। सभी को तत्काल मऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया। ऑटो मालिक मोहम्मद



मौके पर सड़क किनारे क्षतिग्रस्त ऑटो

हनीफ ने बताया कि परिवार सहित बल्हौरा गांव में एक रिश्तेदार के यहां दावत में जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। गनीमत रही कि कोई गंभीर चोट नहीं आई। मऊ क्राइम इंस्पेक्टर अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मामला आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है।

## पीडीए पर हमले का जवाब है हमारा जनतांत्रिक प्रतिकार, समाजवादियों का हल्ला बोल

- सांसद पर हमले पर राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन
- प्रदेशव्यापी आंदोलन का फूंका बिगुल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था, दलित-पिछड़ा-अल्पसंख्यक (पीडीए) समाज पर बढ़ते हमले व समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर करणी सेना के कथित जानलेवा हमलों के विरोध में समाजवादी पार्टी ने प्रदेशव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसी क्रम में चित्रकूट तहसील परिसर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर जिला अध्यक्ष शिवशंकर यादव के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं ने जोरदार धरना-प्रदर्शन



तहसील में प्रदेशव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंकते सपाई

किया व राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

धरना स्थल पर जुटी भीड़ में आक्रोश साफ झलक रहा था। मंच से समाजवादी नेताओं ने भाजपा सरकार पर संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि जब एक राज्यसभा सांसद तक सुरक्षित नहीं, तो आम जनता की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह हमला केवल रामजी लाल सुमन पर नहीं, बल्कि पूरे पीडीए समाज के आत्मसम्मान और अधिकारों पर हमला है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 27 अप्रैल को अलीगढ़ में रामजी लाल सुमन के काफिले पर करणी सेना के लोगों ने हमला कर कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उनके समर्थकों को गंभीर चोटें पहुंचीं, लेकिन प्रशासन और सरकार ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। इससे स्पष्ट है कि अराजक तत्वों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। समाजवादी पार्टी की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि हमले के दोषियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई हो, सांसद को सुरक्षा प्रदान की जाए व उत्तर प्रदेश में पीडीए समाज के साथ हो रहे उत्पीड़न को रोका जाए। साथ ही यह भी अपील की गई कि संविधान विरोधी शक्तियों पर केंद्र सरकार हस्तक्षेप करे।

सभा को पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, डॉ निर्भय सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता सूरज सिंह पटेल, विधायक अनिल प्रधान, डॉ अंकुर पटेल, लवलेश यादव, नरेंद्र यादव, अमर पटेल, अजय यादव, रामबाड़े वर्मा सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। उन्होंने एक स्वर में कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान की रक्षा, दलितों-पिछड़ों के सम्मान और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।




अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर बोलती वर्णिका शुक्ला

## श्रमिकों को मिले अधिकारों का पाठ : वर्णिका शुक्ला

**चित्रकूट।** जिले के सोनेपुर कर्वी में गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर मजदूरों के लिए एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान के तहत जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में हुआ। शिविर में सुश्री वर्णिका शुक्ला (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ने मजदूर दिवस के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह दिन श्रमिकों की संघर्षगाथा और उनके अधिकारों के सम्मान का प्रतीक है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेन्द्र प्रताप शुक्ला ने मजदूरों को श्रम विभाग में पंजीकरण व श्रम कार्ड के लाभों की जानकारी दी, वहीं प्रो बोनो अधिवक्ता हेमराज सिंह ने बताया कि भारत में यह दिवस पहली बार 1923 में मनाया गया और अब यह सामाजिक न्याय का अंतरराष्ट्रीय प्रतीक बन चुका है। अधिकार मित्र ममता सोनी ने श्रमिकों को दुर्घटना या आकस्मिक हालात में मिलने वाली सरकारी सहायता की जानकारी दी और मनोज द्विवेदी ने श्रम पंजीकरण की प्रक्रिया मात्र 20 रूपए शुल्क में कराने की बात कही, जिससे मजदूर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर रामबहोरी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि, प्रकाश संखवार, कान्त गर्ग, इन्द्रजीत पाण्डेय, अंगदबाबू सहित बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।

## जातिगत जनगणना से सबकी गिनती सबका सम्मान- आर.के. सिंह पटेल

- बाबा साहब का सपना साकार
- पीडीए की निकली हवा

**चित्रकूट।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के कैबिनेट बैठक में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय जातिगत जनगणना को लेकर देश भर के वंचित, शोषित, दलित और पिछड़ा वर्ग में भारी उत्साह व समर्थन देखा जा रहा है। इस फैसले को सामाजिक न्याय की दिशा में मील का पत्थर बताया जा रहा है।

चित्रकूट में पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह पटेल ने इसे बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के अधूरे मिशन को पूरा करने वाला निर्णय बताते हुए कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने लगातार पिछड़ों व दलितों के साथ छल किया। मंडल आयोग की



रिपोर्ट को लागू करने में टालमटोल की गई, और जब 1990 में जनता दल की सरकार ने भाजपा के समर्थन से आरक्षण लागू किया, तब कांग्रेस ने उसका विरोध किया। कहा कि आज समाज के दबे-कुचले वर्गों को गिनती में लाने, वास्तविक सामाजिक-आर्थिक स्थिति का आकलन करने और विकास की योजनाओं को लक्ष्य आधारित बनाने का समय आ गया है। मोदी सरकार इस दिशा में साहसिक कदम उठा रही है, जिससे देश का 85 प्रतिशत पीडीए-पिछड़ा, दलित, अगड़ा- एकजुट होकर स्वागत कर रहा है।

आरके सिंह पटेल ने समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने कभी भी सत्ता में रहते हुए जातिगत जनगणना को आगे नहीं बढ़ाया। उत्तर प्रदेश में सपा सरकार ने आरक्षण के लाभ को एक जाति तक सीमित कर अन्य पिछड़ी जातियों के युवाओं के साथ अन्याय किया। लोक सेवा आयोग में भी आरक्षण का लाभ समान रूप से नहीं बांटा गया। पूर्व सांसद ने सपा के 2013 में प्रमोशन में आरक्षण बिल को संसद में फाड़ने की घटना को याद करते हुए कहा कि यही दल आज पीडीए की राजनीति का दिखावा कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि वंचित समाज को असली सम्मान और हक दिलाने का काम अब मोदी सरकार कर रही है।

## मजदूर दिवस पर विभिन्न संगठनों के कार्यक्रमों में श्रमिकों के अधिकारों व संघर्षों पर हुई जोरदार चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व मजदूर दिवस के मौके पर जिले भर में श्रमिकों के अधिकारों और उनके संघर्षों को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम हुए। जनवादी महिला समिति चित्रकूट व ग्रामीण मजदूर संगठन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल जनसभा की गई, जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने असंगठित मजदूरों के पंजीकरण को लेकर एक अभियान का ऐलान किया और आगामी राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने की घोषणा की। वहीं, व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता ने मजदूरों को सम्मानित करते हुए उनके संघर्षों को सराहा व मजदूर दिवस की अहमियत को उजागर किया।

भौंरी में आयोजित जनसभा में कॉ



रूद्र प्रसाद मिश्र ने मजदूरों के ऐतिहासिक संघर्षों को रेखांकित करते हुए कहा कि इस दुनिया में प्रकृति को छोड़कर जो कुछ भी हमारी आँखों को दिखता है, वह मजदूरों और किसानों की मेहनत का ही परिणाम है। उन्होंने 1886 में शिकागो में हुए हे-मार्केट आंदोलन का जिक्र करते हुए बताया कि यह दिन केवल छुट्टी का नहीं, बल्कि शोषण के खिलाफ संघर्ष की शपथ का दिन है। आगे बताया कि वामपंथी पार्टियाँ ही मजदूरों की वास्तविक लड़ाई लड़ रही हैं और अब मजदूरों और किसानों को एकजुट होकर शोषणकारी ताकतों के खिलाफ संघर्ष करना होगा।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव का. अमित यादव ने कर्वी के पार्टी कार्यालय में गोष्ठी में बताया कि देश के अधिकांश हिस्सों में मजदूरों का



शोषण किया जा रहा है और असंगठित मजदूरों का पंजीकरण भी श्रम विभाग में नहीं हो रहा है। बताया कि 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में चित्रकूट के मजदूर भी शामिल होंगे, जो श्रम विभाग की योजनाओं और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन करेंगे। शंकर बाजार में व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता ने मजदूर दिवस पर दर्जनों मजदूरों को सम्मानित किया। उन्होंने श्रमिकों को साफी पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। गुप्ता ने कहा, ष्मजदूर हमारी ताकत हैं, और हमें उनके संघर्षों को पहचानना चाहिए।

